Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَيَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِي الْاَرْضِ كَمَا اسْتَخْلَفَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ

(सूरः नूर : 4-5)

(अनुवाद) आप में से जो ईमान लाए हैं और अच्छे कर्म करते हैं उनसे अल्लाह ने पक्का वादा किया है कि वह उन्हे धरती में ख़लीफ़ा ज़रूर बनाएगा जैसा कि उसने उनसे पहले लोगों को खलीफा बनाया।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 8
अंक-20-21

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद
अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन
फ़रीद

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

27 शावाल 4 जुलकाद 1444 हिज्री कमरी, 18-25 मई अमान 1402 हिज्री शम्सी, 18-25 मई 2023 ई.

ख़िलाफ़त नंबर

तुम्हारे लिए दूसरी कुदरत का भी देखना आवश्यक है। और उसका आना तुम्हारे लिए उत्तम है क्यों कि वह सदैवी है जिस का काल कयामत तक नहीं टूटेगा मैं ख़ुदा की एक साक्षात् क़ुदरत हूं। तथा मेरे बाद कुछ और वजूद होंगे जो दूसरी क़ुदरत के स्वरूप होंगे

इर्शादात-ए-आलीया सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद व महदी माहूद अलैहिस्सलाम

"अतः हे प्रियो जब कि पुरातन से अल्लाह की पद्धति यही है कि ख़ुदा तआला दो क़ुदरतें दिखलाता है ताकि विरोधियों की दो झूठी ख़ुशियों को मिटा कर दिखलादे। अतः अब सम्भव नहीं है कि ख़ुदा तआला अपनी पुरातन पद्धति को छोड़ देवे। इस लिए तुम मेरी इस बात से जो मैंने तुम्हारे पास वर्णन की दुखी मत हो और तुम्हारे दिल परेशान न हो जाएं क्योंकि तुम्हारे लिए दूसरी क़ुदरत का भी देखना आवश्यक है। और उसका आना तुम्हारे लिए उत्तम है क्यों कि वह सदैवी है जिस का काल कयामत तक नहीं टूटेगा और वह दूसरी क़ुदरत नहीं आ सकती जब तक मैं न जाऊँ। परन्तु मैं जब जाऊँगा तो फिर ख़ुदा उस दूसरी क़ुदरत को तुम्हारे लिए भेज देगा जो सदा तुम्हारे साथ रहेगी जैसा कि ख़ुदा का ब्राहीने अहमदिय्या में वचन है जैसा कि ख़ुदा फ़र्माता है कि मैं इस जमाअत को जो तेरे मानने वाले हैं क़यामत तक दूसरों पर विजय दूंगा। अतः आवश्यक है कि तुम पर मेरी जुदाई का दिन आवे ताकि इसके पश्चात् वह दिन आवे जो सदैवी वचन का दिन है वह हमारा ख़ुदा वचनों का सच्चा और निष्ठावान और सच्चा ख़ुदा है वह सब कुछ तुम्हें दिखाएगा जिस का उसने वचन दिया यद्यपि यह दिन दुनिया के आख़री दिन हैं और बहुत बलाएँ हैं जिन के उतरने का समय है पर अवश्य है कि यह दुनिया कामय रहे जब तक वह सारे वचन पूरे न हो जाएँ जिनकी ख़ुदा ने ख़बर दी मैं ख़ुदा की ओर से क़ुदरत के रूप में प्रकट हुआ तथा मैं ख़ुदा की एक साक्षात् क़ुदरत हूं। तथा मेरे बाद कुछ और वजूद होंगे जो दूसरी क़ुदरत के स्वरूप होंगे। अतः तुम ख़ुदा की दूसरी क़ुदरत के इंतेज़ार में एकत्र हो कर दुआ करते रहे। तथा चाहिए कि हर एक नेकों की जमाअत हर एक देश में एकत्र होकर दुआ में लगे रहें। ता दूसरी क़ुदरत आकाश से उतरे। तथा तुम्हें दिखा दे कि तुम्हारा ख़ुदा ऐसा क़ादिर ख़ुदा है। अपनी मौत को निकट समझो तुम नहीं जानते कि किस समय वह घड़ी आ जाएगी।

और चाहिए कि जमाअत के बुज़ुर्ग जो पवित्र आत्मा रखते हैं मेरे नाम पर मेरे बाद लोगों से बैअत (दीक्षित) लें। ख़ुदा तआला चाहता है कि उन समस्त रूहों को जो ज़मीन के विभिन्न आबादियों में बसी हैं। क्या युरोप और क्या एशिया उन सब को जो नेक स्वभाव रखते हैं तौहीद (एकेश्वरवाद) की ओर खींचे और अपने बन्दों को एक धर्म पर एकत्र करे। यही ख़ुदा तआला का उद्देश्य है। जिसके लिए मैं दुनिया में भेजा गया। अतः तुम इस उद्देश्य की पैरवी करो, परंतु नरमी और उच्च आचरण और दुआओं पर ज़ोर देने से। और जब तक कोई ख़ुदा से रूहल क़ुद्स (पवित्र आत्मा) पाकर खड़ा न हो सब मेरे बाद, मिल कर काम करो।"

(अल् वसीयत)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ

क्रम	विषय सूची	पृष्ठ
1	इर्शादात-ए-आलीया सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद व महदी माहूद अलैहिस्सलाम	1
2	जमाअत से थोड़ा सा भी जुदा होंने वाला व्यक्ति ऐसा है जैसे उसने इस्लाम छोड़ दिया हो (हदीस)	2
3	ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 अप्रैल 2023 ई.	3
4	ख़िलाफ़त: एक सुरक्षित क़िला	9
5	हज़रत अमीरुल मोमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की दुआ की स्वीकृति के विषय में ईमान में बढ़तोरी करने वाली घटनाएँ और दुआओं के बारे में हुज़ूर अनवर की तहरीकात और नसाहे	13
6	तर्बीयत-ए-औलाद और अहमदी माओं की ज़िम्मेदारियाँ, मुहब्बत-ए-इलाही, नमाज़, तिलावत, ख़िलाफ़त से मुहब्बत और उच्च आचार	17
7	रिपोर्ट तर्बियती जलसा	21
8	हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ऐतिहासिक अमरीका की यात्रा सितंबर, अक्तूबर 2022 ई. भाग-8	22

مَنْ خَرَجَ مِنَ الْجَمَاعَةِ قِيْدَ شِبْرٍ
فَقَدْ خَلَعَ رِبْقَةَ الْإِسْلَامِ مِنْ عُنُقِهٖ

जमाअत से थोड़ा सा भी जुदा होंने वाला व्यक्ति ऐसा है जैसे उसने इस्लाम छोड़ दिया हो (हदीस)

प्यारे आक़ा सय्यदना हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी थी कि उम्मत मुहम्मदिया में आख़िरी ज़माना में ईमाम महदी-ओ-मसीह मौऊद नाज़िल होंगे। हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी अलैहिस्सलाम ने दावा फ़रमाया कि इस ज़माने का मुजद्दिद, मसीह-ओ-महदी, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी के मुताबिक़ मैं ही हूँ। आपने उम्मती नबी होने का दावा किया। आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि मेरा अपना कुछ भी नहीं है जो कुछ भी है मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का है और उम्मती नबी होने का यही मफ़हूम है कि उस का अपना कुछ भी न हो, सब कुछ नबी मतबू का हो। हमारे ग़ैर अहमदी मुस्लमान भाई भी मानते हैंकि हज़रत-ए-ईसा अलैहिस्सलाम जब आसमान से नाज़िल होंगे तो वह एक उम्मती नबी होंगे। इस तरह उम्मती नबी की आमद के वे भी क़ायल हैं। लेकिन मुश्किल यह है कि क़ुरआन-ए-मजीद बार बार उन की वफ़ात का ऐलान करता है इसलिए जिस ईसा के आने की ख़बर दी गई थी वह दरअसल इसी उम्मत में से आना था लेकिन उस ने चूँकि मसीह नासरी की रूप पर आना था इस लिए उस का नाम मसीह रखा गया। हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी मसीह मौऊद-ओ-महदी माहूद अलैहिस्सलाम की वफ़ात बाद 1908 ई. से जमाअत अहमदिया में ख़िलाफ़त क़ायम है। इस ख़िलाफ़त की ख़बर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पहले से दे रखी थी। इस लिए एक लंबी हदीस में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस्लाम के मुख़्तलिफ़ अदवार का वर्णन करने के बाद फ़रमाया ثُمَّ تَكُوْنُ خِلَافَةٌ عَلٰى مِنْهَاجِ النُّبُوَّةِ अर्थात फिर ख़िलाफ़त अला मिनहाज-ए-नबुव्वत क़ायम होगी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ामोश रहे और मज़ीद किसी दौर का वर्णन नहीं फ़रमाया। जिस से यह साबित होता है कि यह ख़िलाफ़त अला मिनहाज नबुव्वत क़ियामत तक रहेगी। अतः जमाअत अहमदिया ख़िलाफ़त 115 वर्षों से क़ायम है। इस ख़िलाफ़त की सदाक़त का यही एक सबूत काफ़ी है कि मुस्लमान ख़िलाफ़त मिट गई। ख़लीफ़तुल मुस्लेमीन बनने के ख़ाहिशमंद मिट गए। लेकिन जो हक़ीक़ी ख़िलाफ़त है वह 115 वर्षों से बग़ैर किसी इख़तेलाफ़ के क़ायम-ओ-दाइम है। इस की शान में दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा हो रहा है। इस को मिटाने की तमन्ना रखने वाले मिट गए लेकिन यह न मिटी और न भविष्य में कभी मिटेगी।

अल्लाह तआला ने सूरः नूर में उम्मत मुहम्मदिया में ख़िलाफ़त के क़ियाम का वादा फ़रमाया है। अल्लाह तआला फ़रमाता है :

وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَيَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِى الْاَرْضِ كَمَا
اسْتَخْلَفَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ۖ وَلَيُمَكِّنَنَّ لَهُمْ دِيْنَهُمُ الَّذِى ارْتَضٰى لَهُمْ
وَلَيُبَدِّلَنَّهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ خَوْفِهِمْ اَمْنًا ؕ يَعْبُدُوْنَنِىْ لَا يُشْرِكُوْنَ بِىْ شَيْـًٔا ؕ وَمَنْ كَفَرَ
بَعْدَ ذٰلِكَ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ﴿٥٦﴾

(सूरः नूर आयत : 56)

अनुवाद : अल्लाह ने तुम में से ईमान लाने वालों और मुनासिब-ए-हाल अमल करने वालों से वादा किया है कि वह उनको ज़मीन में ख़लीफ़ा बना देगा। जिस तरह उनसे पहले लोगों को ख़लीफ़ा बना दिया था। और जो दीन उसने उनके लिए पसंद किया है वह उनके लिए उसे मज़बूती से क़ायम कर देगा और उन के ख़ौफ़ की हालत के बाद वह उनके लिए अमन की हालत तबदील कर देगा। वह मेरी इबादत करेंगे (और) किसी चीज़ को मेरा शरीक नहीं बनाएंगे और जो लोग उसके बाद भी इंकार करेंगे वे नाफ़रमानों में से क़रार दिए जाऐंगे

कोई यह ख़्याल न करे कि मिन से मुराद सिर्फ सहाबा हैं, और उन में वादा के मुताबिक़ ख़िलाफ़त क़ायम हो गई। हक़ीक़त यह है कि सहाबा के तवस्सुत से पूरी उम्त-ए-मुहम्मदिया को ख़िताब है। और उम्मत मुहम्मदिया में अल्लाह तालाका दाइमी ख़िलाफ़त का वादा है। और उसने अपने वादा के मुताबिक़ उम्मत मुहम्मदिया में दाइमी ख़िलाफ़त क़ायम कर दी है जैसा कि ऊपर वर्णन हो चुका है। अलहमदु लिल्लाह अलाज़ालिक। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं :

"मिन के लफ़्ज़ से यह इस्तदलाल पैदा करना कि चूँकि ख़िताब सहाबा से है इस लिए यह ख़िलाफ़त सहाबा तक ही महिदूद है अजीब अक्लमंदी है। अगर इसी तरह क़ुरआन की तफ़सीर हो तो फिर यहूदियों से भी आगे बढ़कर क़दम रखना है। अब वाज़ेह हो कि مِنْكُمْ का शब्द क़ुरआन-ए-करीम में संभवतः बयासी जगह आया है और सिवाए दो या तीन जगह के जहां कोई ख़ास क़रीना क़ायम किया गया है बाक़ी समस्त मवाज़े में مِنْكُمْ के ख़िताब से वे समस्त मुस्लमान मुराद हैं जो क़ियामत तक पैदा होते रहेंगे।" (शहादतुल -क़ुरआन रूहानी ख़ज़ायन भाग 6 पृष्ठ 331)

उम्मत-ए-मुहम्मदिया में दायमी ख़िलाफ़त की ख़ुशख़बरी देते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं :

चूँकि किसी इन्सान के लिए दाइमी तौर पर बक़ा नहीं इसलिए ख़ुदा तआला ने इरादा किया कि रसूलों के वजूद को जो समस्त दुनिया के वजूदों से अशर्फ़-ओ--औला हैं ज़ली तौर पर हमेशा के लिए ताक़यामत क़ायम रखे अतः इसी ग़रज़ से ख़ुदा तआला ने ख़िलाफ़त को तजवीज़ किया ताकि दुनिया कभी और किसी ज़माना में बरकात-ए-रिसालत से महरूम न रहे अतः जो शख़्स ख़िलाफ़त को सिर्फ तीस बरस तक मानता है वह अपनी नादानी से ख़िलाफ़त की इल्लत-ए-ग़ाई को नज़रअंदाज करता है और नहीं जानता कि ख़ुदा तआला का यह इरादा तो हरगिज़ नहीं था कि रसूल-ए-करीम की वफ़ात के बाद सिर्फ तीस बरस तक रिसालत की बरकतों को ख़लीफ़ों के लिबास में क़ायम रखना ज़रूरी है फिर बाद इस के दुनिया तबाह हो जाये तो हो जाएगी कुछ परवाह नहीं।

(शहादतुल क़ुरआन रूहानी ख़ज़ायन भाग 6 पृष्ठ 353)

जैसा कि ऊपर वर्णन हो चुका है जमाअत अहमदिया में 115 साल से ख़िलाफ़त क़ायम है। यही वह ख़िलाफ़त है और यही वह जमाअत है जिससे की आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ताकीद फ़रमाई है और जिससे बाहर रहना जहालत की मौत मरना है। मुस्लमानों के लिए वह अहादीस लम्हा फ़िक्रिया हैं जिन में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उन्हें एक जमाअत से जुड़ कर ज़िंदगी गुज़ारने की तलक़ीन फ़रमाई है। दुनिया के पर्दे पर आज एक ही जमाअत है जो जमाअत कहलाने की मुस्तहिक़ है और वह जमाअत अहमदिया है। अतः मुस्लमानों को इस जमाअत से जुड़ जाना चाहिए और इस भेड़ की मानिंद ज़िंदगी नहीं गुज़ारनी चाहिए जो जमाअत से अलग हो गई हो, जिसका कोई निगरान न हो और जो हर समय ख़तरे में हो। इस लिए ऐसी चंद अहादीस का ज़ेल में वर्णन किया जाता है जिन में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जमाअत से मुंसलिक रहने को अज़-बस ज़रूरी क़रार दिया है।

عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللّٰهُ عَنْهُمَا قَالَ: سَمِعْتُ رَسُوْلَ اللّٰهِ صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِ
وَسَلَّمَ يَقُوْلُ: مَنْ خَلَعَ يَدًا مِنْ طَاعَةٍ لَقِيَ اللّٰهَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا حُجَّةَ لَهٗ، وَمَنْ
مَاتَ وَلَيْسَ فِيْ عُنُقِهٖ بَيْعَةٌ مَاتَ مِيْتَةً جَاهِلِيَّةً. وَفِيْ رِوَايَةٍ: مَنْ مَاتَ وَهُوَ مُفَارِقٌ
لِلْجَمَاعَةِ فَاِنَّهٗ يَمُوْتُ مِيْتَةً جَاهِلِيَّةً. مسلم كتاب الامارة باب

शेष पृष्ठ 23 पर

ख़ुत्बः जुमअः

"याद रखो जब तक لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ दिल-ओ-जिगर में सरायत न करे और वजूद के ज़र्रे ज़र्रे पर इस्लाम की रोशनी और हुकूमत न हो कभी तरक़्क़ी नहीं होगी (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

क़ियामत के दिन मेरी शफ़ाअत के एतबार से लोगों में से सबसे ज़्यादा ख़ुश किस्मत व्यक्ति वह होगा जिसने अपने ख़ालिस दिल या अपने ख़ालिस नफ़्स के साथ لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ का इक़रार क्या होगा (अल्हदीस)

हम अहमदी ख़ुश-क़िस्मत हैं कि हमें अल्लाह तआला ने इस ज़माने के इमाम और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम सादिक़ को मानने की तौफीक अता फ़रमाई
जिन्होंने इस्लामी अहकाम को खोल कर उनकी गहराई और हिक्मत के साथ हमें बताया, जहां لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ की गहराई के बारे में हमें बताया वहां मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के स्थान के बारे में भी हमें बताया

"जब से कि इन्सान पैदा हुआ है उस वक़्त तक कि उसका अंत हो जाए ख़ुदा का कानून-ए-क़ुदरत यही है कि वह तौहीद की हमेशा हिमायत करता है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

फ़तह मक्का के अवसर पर हज़ारों बुत परस्तों ने لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ की बरतरी देखी

"एक बात है जिसमें कोई तग़य्युर नहीं और वह है لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللہ,असल यही बात है और बाक़ी जो कुछ है वह सब उसके मुक-म्मलात हैं" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"कलमा के यह अर्थ हैं कि इन्सान ज़बान से इक़रार करता है और दिल से तसदीक़ कि मेरा माबूद, महबूब और मक़सूद ख़ुदा तआला के सिवा और कोई नहीं" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"जो शख़्स अपने भाई का हक़ मारता है या ख़ियानत करता है या दूसरी किस्म की बदियों से बाज़ नहीं आता, मैं यक़ीन नहीं करता कि वह तौहीद का मानने वाला है

क्योंकि यह एक ऐसी नेअमत है कि उस को पाते ही इन्सान में एक ख़ारिक़ आदत तबदीली पैदा हो जाती है"
(हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"तबदीली उसी वक़्त होती है और उसी वक़्त वह सच्चा इबादत करने वाला बनता है जब यह अंदरूनी बुत तकब्बुर, ख़ुद-पसंदी, दिखावा, द्वेष, दुश्मनी, ईर्ष्या और लालच, पाखंड और वादा तौड़ना इत्यादि के दूर हो जावें, जब तक ये बुत अंदर ही हैं उस वक़्त तक لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ कहने में क्योंकर सच्चा ठहर सकता है?" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

लेलतुल कदर तो हक़ीक़त में उस वक़्त मिलती है जब हम अपना सब कुछ अपना हर कथनी और करनी अल्लाह तआला के हुक्मों के मुताबिक़ करने के लिए तैयार हो जाएं और उस पर अमल करने वाले हों
और फिर उसे मुस्तक़िल अपनी ज़िंदगियों का हिस्सा बनालें और यही वह हक़ीक़ी निशानी है जो लेलतुल कदर के पाने का है असल निशानी यह है कि क्या इन्केलाब हमारे दिलों में पैदा हुआ हो

अगर हम अपनी हालतों में इंकेलाबी तबदीलियां पैदा कर लें और لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ की हक़ीक़त को समझते हुए अपना माबूद और मकसूद और महबूब सिर्फ़ अल्लाह तआला की ज़ात को बनालें, दुनिया से ज़्यादा हमें ख़ुदा तआला से मुहब्बत और उसको पाना हमारा उद्देश्य हो तो यह इन्केलाब जल्दी भी हो सकता है
इन आख़िरी दस दिनों से भरपूर फ़ायदा उठाने के लिए, हक़ीक़ी तौर पर लेलतुल कदर करने के लिए
हमें لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللہ के कलमा को अपने दिल-ओ-दिमाग़ की आवाज़ बनाना होगा, अपने हर अमल पर लागू करना होगा जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है
इन दिनों में दुनिया के उमूमी अमन-ओ-इस्तहकाम के लिए भी दुआ करते रहें,अल्लाह तआला इन्सानियत पर रहम और फ़ज़ल फ़रमाए
हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इर्शादात की रोशनी में कलमा तय्यबा में वर्णित तौहीद-ए-इलाही के कमालात और नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आलीशान रसालत का वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 अप्रैल 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ वह कलमा है जो तौहीद की बुनियाद है :

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि निसन्देह अल्लाह तआला ने उस शख़्स को आग पर हराम कर दिया जिसने अल्लाह तआला की रज़ा के हुसूल के लिए لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ पढ़ा।

(صحیح البخاری، کتاب الصلاۃ،باب المساجد فی البیوت...الخ حدیث 425)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

अतः जब अल्लाह तआला की रज़ा के हुसूल के लिए उस की तवज्जा चाहते हुए, उसकी तरफ़ झुकते हुए, अपनी तवज्जा को ख़ालिस अल्लाह तआला की तरफ़ करते हुए इन्सान لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ कहता है तो वह अल्लाह तआला के फ़ज़लों का वारिस बनता है। और जैसा कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि आग को अल्लाह तआला ने उस पर हराम करार दिया।

(सही अल्बख़ारी, किताब उल्रकाक, बाब अल्-अमल العمل الذی یبتغی بہ وجہ اللہ... हदीस : 6423)

एक जगह फ़रमाया कि अल्लाह तआला जहन्नुम की आग पर उस को हराम कर देगा। और यही तालीम थी जो समस्त अंबिया लेकर आए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फ़रमाया कि सबसे अफ़ज़ल कलमा जो मैंने और मुझसे पहले नबियों ने कहा वह لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہُ وَحْدَہٗ لَا شَرِیْكَ لَهٗ है। (मोता इमाम मालिक, किताब अल्सलात, बाब मा जाआ-फ़ी दुआ हदीस 501 भाग 1 पृष्ठ 536 प्रकाशित मकतबा अल्बाशरा कराची)

अतः यह तालीम है जो समस्त अंबिया की है लेकिन बदक़िस्मती से उन्ही अंबिया क ी क़ौमों ने जिन्हों ने यह तालीम दी थी इस तालीम को बराह-ए-रस्त या बिलवा-सता भूल कर शिर्क का ज़रीया बना लिया। असल तालीम को भूल गए। हम ख़ुश--क़िस्मत हैं कि हमें अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उम्मत में शामिल कर के वह कामिल तालीम दी जिसने शिर्क का पूर्णतः ख़ातमा कर दिया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तौहीद का हक़ीक़ी सबक़ देकर हमारी दुनिया और आक़िबत संवारने के समान फ़रमाए।

अतः अब जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हक़ीक़ी तालीम पर अमल करेगा और ख़ुदा तआला की वहदानियत का इक़रार ख़ालिस हो कर करेगा वही अल्लाह तआला के फ़ज़लों का वारिस भी बनेगा और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शफ़ाअत से भी हिस्सा पाएगा जिसके बारे में एक रिवायत में आता है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया क़ियामत के दिन मेरी शफ़ाअत के एतबार से लोगों में से सबसे ज़्यादा ख़ुश किस्मत व्यक्ति वह होगा जिसने अपने ख़ालिस दिल या अपने ख़ालिस नफ़्स के साथ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ का इक़रार किया होगा।

(सही अल् बुखारी, किताब अल्इलम, बाब الحرص علی الحدیث, हदीस : 99)

अतः आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शफ़ाअत के लिए ख़ालिस दिल के साथ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ का इक़रार है जिस में दुनिया की मिलावट न हो वही आपकी शफ़ाअत का हिस्सादार होगा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वह आख़िरी और कामिल नबी हैं जिन्हें अल्लाह तआला ने शफ़ाअत का इख़्तेयार दिया। आप पर ईमान भी अल्लाह तआला के हुक्म के मुताबिक़ ज़रूरी है और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस मुक़ाम का ख़ुद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यूं वर्णन फ़रमाया है। फ़रमाया : कोई शख़्स ऐसा नहीं जो सिदक़-ए-दिल से لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ की गवाही दे परंतु अल्लाह तआला उसे आग पर हराम कर दे। (सही अल् बुख़ारी किताब العلم باب من خص بالعلم قوماً دون قوم... हदीस : 128) एक जगह ख़ाली مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللہ है दूसरी जगह मुहम्मद रसूलुल्लाह भी शामिल है। अतः अब तौहीद का इक़रार और ऐलान आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अल्लाह तआला के आख़िरी और कामिल नबी होने के इक़रार के बग़ैर मुम्किन नहीं। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ही हैं जिन्हों ने अपनी उम्मत में शिर्क के मुकम्मल तौर पर ख़त्म करने का ऐलान फ़रमाया और अल्लाह तआला और उस के रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस शख़्स से मुकम्मल तौर पर बेज़ारी का ऐलान फ़रमाया जो किसी भी रंग में मामूली से शिर्क का भी इज़हार करने वाला हो। परंतु बावजूद इसके मुस्लमानों में भी ऐसे लोग पैदा हो गए हैं जो इस किस्म के मख़फ़ी शिर्क के मुर्तक़िब हैं जिनकी अल्लाह तआला और उसके रसूल सल्लल्ला-हो अलैहि वसल्लम ने सख़्ती से मनाही की है।

हम अहमदी ख़ुश-क़िस्मत हैं कि हमें अल्लाह तआला ने इस ज़माने के इमाम और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम सादिक़ के मानने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई जिन्हों ने इस्लामी अहकाम को खोल कर उनकी गहराई और हिक्मत के साथ हमें बताया। जहां لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ की गहराई के बारे में हमें बताया वहां मुह-म्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुक़ाम के बारे में भी हमें बताया।

इस वक़्त मैं इस सिलसिले में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ इक़-तेबासात पेश करूँगा जो इस मज़मून पर बड़ी ख़ूबसूरती से रोशनी डालते हैं और हमें भी इस तरफ़ मुतवज्जा करते हैं कि इस मज़मून की गहराई को समझते हुए हमें किस तरह अपने जायज़े लेने चाहिऐं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "अल्लाह तआला ने अपने फ़र्मूदा اَلْيَوْمَ اَكْمَلْتُ (अल् मायद : 4) की तशरीह आप ही फ़र्मा दी कि इस में तीन निशानियों का होना अज़-बस ज़रूरी है।" आप निशानियां वर्णन कर रहे थे जिसमें पहला था इस اَصْلُهَا ثَابِتٌ (इबराहीम : 25) जिसकी जड़ें मज़बूती से क़ायम हों। दूसरी निशानी है فَرْعُهَا فِي السَّمَآءِ (इबराहीम : 25) कि इस की शाख़ें आसमान की बुलंदी तक पहुंची हुई हैं। तीसरी निशानी تُؤْتِيْٓ اُكُلَهَا كُلَّ حِيْنٍ (इब-राहीम : 26) हर वक़त ताज़ा फल देती है। अतः इस्लाम ही वह दीन है जो इस मयार पर पूरा उतरता है।

बहरहाल اَصْلُهَا ثَابِتٌ की वज़ाहत करते हुए जो पहली निशानी है आप अलैहि-स्सलाम फ़रमाते हैं कि "उसूल-ए-मानिया जो पहली निशानी है जिससे मुराद कलिमा لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ है। "अर्थात इस اَصْلُهَا ثَابِتٌ को अगर साबित करना है तो इस की पहली निशानी لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ है। फ़रमाया कि "इस को इस क़दर बस्त से क़ुरआन शरीफ़ में वर्णन फ़रमाया गया है कि अगर मैं समस्त दलायल लिखूँ तो फिर चंद भागों में भी ख़त्म न होंगे।" किताबें लिखी जाएँगी। "मगर थोड़ा सा उनमें से बतौर नमूना के ज़ेल में लिखता हूँ जैसा कि एक जगह अर्थात सीपारा दूसरे सूरत अल् बकरः में फ़रमाता है

اِنَّ فِيْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضِ وَ اخْتِلَافِ الَّيْلِ وَ النَّهَارِ وَ الْفُلْكِ الَّتِيْ تَجْرِيْ فِي الْبَحْرِ بِمَا يَنْفَعُ النَّاسَ وَ مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ مِنَ السَّمَآءِ مِنْ مَّآءٍ فَاَحْيَا بِهِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا وَ بَثَّ فِيْهَا مِنْ كُلِّ دَآبَّةٍ وَّ تَصْرِيْفِ الرِّيٰحِ وَ السَّحَابِ الْمُسَخَّرِ بَيْنَ السَّمَآءِ وَ الْاَرْضِ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ (البقرۃ : 165) (अल् बकरः : 165)

अर्थात तहक़ीक़ आसमानों और ज़मीन के पैदा करने और रात और दिन के इख़्तेलाफ़ और उन कश्तीयों के चलने में जो दरिया में लोगों के नफ़ा के लिए चलती हैं और जो कुछ ख़ुदा ने आसमान से पानी उतारा और इस से ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िंदा किया और ज़मीन में प्रत्येक किस्म के जानवर बिखेर दिए और हवाओं को फेरा और बादलों को आसमान और ज़मीन में मुसख़्ख़र किया। ये सब ख़ुदा तआला के वजूद और उसकी तौहीद और उसके इल्हाम और उसके مُدَبِّرٌ بِالْاِرَادَہٗ होने पर निशानात हैं। "फ़रमाया कि "अब देखिए इस आयत में अल्लाह जल्ला शानाहु ने अपने इस उसूल ईमानी पर कैसा इस्त-दलाल अपने इस कानून-ए-क़ुदरत से किया।" لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ को साबित किया है, क़ानून-ए-क़ुदरत से यह दलील दी है। "यानी अपनी इन मसनूआत से जो ज़मीन-ओ-आसमान में पाई जाती हैं जिनके देखने से मुताबिक़ मंशा इस आयत-ए-करीमा के साफ़ साफ़ तौर पर मालूम होता है कि बेशक इस आलम का उकसाना क़दीम और कामिल और وَحْدَہٗ لَا شَرِیْك और مُدَبِّرٌ بِالْاِرَادَہٗ और अपने रसूलों को दुनिया में भेजने वाला है। वजह यह कि ख़ुदा तआला की समस्त यह मसनूआत और यह सिलसिला निज़ाम-ए-आलम का जो हमारी नज़र के सामने मौजूद है यह साफ़ तौर पर बतला रहा है कि यह आलम ख़ुद बख़ुद नहीं बल्कि उस का एक मूजिद और सानी है जिस के लिए यह ज़रूरी सिफ़ात हैं कि वह रहमान भी हो और रहीम भी हो और क़ादिर-ए-मुतलक़ भी हो और वाहिद ला शरीक भी हो और अज़ली अबदी भी हो और مُدَبِّرٌ بِالْاِرَادَہٗ भी हो और मुस्तजमा जमी सिफ़ात कामला भी हो और वह्यी को नाज़िल करने वाला भी हो।"

(जंग-ए-मुक़द्दस, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 6 पृष्ठ 123 से 125)

अतः لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ केवल एक माबूद होने का ख़्याल ही दिल में पैदा नहीं करता बल्कि इस बात को भी दिल में रासिख़ करता है और करना चाहिए कि हमारा ख़ुदा वह वाहिद ख़ुदा है जो आरंभ से है और अंत तक रहेगा और हर मख़लूक़ का ख़ालिक़ है और उसके इज़न से ही यह समस्त निज़ाम-ए-कायनात चल रहा है और समस्त हाजात के लिए हमने उसके हुज़ूर ही झुकना है। अतः जब यह ईमान की हालत हो जाये तो वह कामिल ईमान होता है जिसमें शिर्क की मलूनी हो ही नहीं सकती और यही वह ईमान है जिसके बारे में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ख़ालिस हो कर لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰ पर ईमान लाने वालों पर जहन्नुम की आग है।

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं :

"इस्तआनत के मुताल्लिक़ यह बात याद रखनी चाहिए कि असल इस्तमदाद का हक अल्लाह तआला ही को हासिल है।"

जिससे मदद तलब की जाती है या कोई मदद देने वाला है तो वह अल्लाह तआला ही उसका हक़ रखता है। केवल अल्लाह तआला ही वह कामिल हस्ती

है जिससे मदद चाही जानी चाहिए। कोई और इस तरह उस का हक़ रख ही नहीं सकता न इस में ताक़त है। "और इसी पर क़ुरआन-ए-करीम ने ज़ोर दिया है। इस लिए फ़रमाया कि- اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ। पहले सिफ़ात-ए-इलाही रब, रहमान, रहीम, مَالِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ का इज़्हार फ़रमाया। फिर सिखाया اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ- अर्थात इबादत भी तेरी करते हैं और इस्तमदाद भी तुझ ही से चाहते हैं। "मदद भी इस इबादत करने के लिए तुझसे ही चाहते हैं। तेरी मदद के बग़ैर हमारी इबादत भी नहीं हो सकती।" इस से मालूम हुआ कि असल हक़ इस्तमदाद का अल्लाह तआला ही के लिए है। किसी इन्सान, हैवान, चरिंद परिंद ग़रज़-कि किसी मख़लूक़ के लिए न आसमान पर न ज़मीन पर यह हक़ नहीं है परंतु हाँ दूसरे दर्जा पर ज़िल्ली तौर से यह हक़ अल्लाह वालों को और मर्दान-ए-ख़ुदा को दिया गया है।" अल्लाह के इज़्न से उनकी दुआओं से मदद भी होती है। फ़रमाया कि "हम को नहीं चाहिए कि कोई बात अपनी तरफ़ से बना लें बल्कि अल्लाह तआला के फ़र्मूदा और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इरशाद के अंदर अंदर रहना चाहिए। इसी का नाम स्रात-ए-मुस्तक़ीम है और यह बात لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ से भी बख़ूबी समझ में आ सकती है। इसके पहले हिस्से से मालूम होता है कि इन्सान का महबूब-ओ-माबूद और मतलूब अल्लाह तआला ही होना चाहिए। और दूसरे हिस्से से रिसालत-ए-मुहम्मदिया सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हक़ीक़त का इज़्हार है।" (मल्फ़ूज़ात, भाग 2 पृष्ठ 53-54 ऐडीशन 1984 ई.)

फिर आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "जब से कि इन्सान पैदा हुआ है उस वक़्त तक कि नाबूद हो जाएगी ख़ुदा का कानून-ए-क़ुदरत यही है कि वह तौहीद की हमेशा हिमायत करता है

जितने नबी उसने भेजे सब इसी लिए आए थे कि ता इन्सानों और दूसरी मख़लूक़ों की उपासना दूर कर के ख़ुदा की उपासना दुनिया में क़ायम करें और उनकी ख़िदमत यही थी कि لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ का मज़मून ज़मीन पर चमके जैसा कि वह आसमान पर चमकता है। अतः इन सब में से बड़ा वह है जिसने इस मज़मून को बहुत चमकाया। जिसने पहले झूठे उपासना की कमज़ोरी साबित की।" झूटे जो माबूद थे उनकी कमज़ोरी साबित की" और इलम और ताक़त के दृष्टि से उनका तुच्छ होना साबित किया। और जब सब कुछ साबित कर चुका तो फिर उस फ़तह नुमायां की हमेशा के लिए यादगार यह छोड़ी कि لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ- उसने सिर्फ़ बे सबूत दावा के तौर पर لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ नहीं कहा बल्कि उसने पहले सबूत देकर और बातिल का बुतलान दिखला कर फिर लोगों को इस तरफ़ तवज्जा दी कि देखो इस ख़ुदा के सिवा और कोई ख़ुदा नहीं जिसने तुम्हारी समस्त क़ुव्वतें तोड़ दीं और समस्त शैख़ियाँ नाबूद कर दीं। अतः इस साबित शुदा बात को याद दिलाने के लिए हमेशा के लिए यह मुबारक कलिमा सिखलाया कि- 'لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ' (मसीह हिंदुस्तान में, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 15 पृष्ठ 65)

फ़तह मक्का के अवसर पर हज़ारों बुत परस्तों ने لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ की बरतरी देखी।

अबूसुफ़ियान से जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा कि तुम पर अभी भी لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ की हक़ीक़त रोशन नहीं हुई? तो उसने जवाब दिया कि मैं बिल्कुल समझ चुका हूँ कि अल्लाह के सिवा अगर कोई माबूद होता तो हमारी कुछ तो मदद करता। यह तीन सौ साठ बुत हमने रखे हुए हैं कुछ तो हमारी मदद करते जिनकी हम इबादत करते हैं।

(السیرۃ النبویۃ لابن ہشام، صفحہ739، اسلام ابی سفیان... مطبوعہ دار الکتب العلمیۃ بیروت 2001ء)(सही अलबख़ारी, किताब अलमज़ालम ,बाब हल तकस्सुर अलदनान अलख हदीस2478)

एक मुख़ालिफ़ के एतराज़ का जवाब देते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि :

"आपका यह कहना कि हज़रत मुक़द्दस नबी की तालीम यह है कि لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम कहने से गुनाह दूर हो जाते हैं। यह बिल्कुल सच है और यही वास्तव में हक़ीक़त है। "तुम यह कहते हो नाँ गुनाह ख़त्म हो जाते हैं ठीक है बिल्कुल सच है "कि जो महिज़ ख़ुदा को वाहिद ला शरीक जानता है और ईमान लाता है कि मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को उसी क़ादिर यकता ने भेजा है तो बे-शक अगर इस कलिमा पर उस का ख़ातमा हो तो नजात पा जाएगा आसमानों के नीचे किसी की ख़ुदकुशी से नजात नहीं हरगिज़ नहीं। "किसी के मरने से नजात नहीं होती। हाँ कोई तुम्हारी ख़ातिर मर जाए तो इस से भी नजात नहीं होगी। कलमा से नजात पाएगा "और इस से ज़्यादा कौन फ़रमाया कि "इस से ज़्यादा कौन पागल होगा कि ऐसा ख़्याल भी करे" कि कलमा से नजात नहीं पा सकता। परंतु ख़ुदा को वाहिद ला शरीक समझना। यह ग़ौर कर लो। यह सोच लो। यह simpleकह देना, सादा रंग में कह देना नहीं है। "मगर ख़ुदा को वाहिद ला शरीक समझना और ऐसा मेहरबान ख़्याल करना कि उसने निहायत रहम करके दुनिया को ज़लालत से छुड़ाने के लिए अपना रसूल भेजा जिसका नाम मोहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम है यह एक ऐसा एतक़ाद है कि इस पर यक़ीन करने से रूह की तारीकी दूर होती है और नफ़सानियत दूर हो कर उसकी जगह तौहीद ले लेती है। आख़िर तौहीद का ज़बरदस्त जोश समस्त दिलों पर मुहीत हो कर इसी जहान में बहिश्ती ज़िंदगी शुरू हो जाती है।"

हक़ीक़त जाननी चाहिए कि لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ का मतलब क्या है مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ का मतलब क्या है तो फिर जन्नत इस दुनिया में ही शुरू हो जाती है।

फ़रमाया कि "जैसा तुम देखते हो कि नूर के आने से ज़ुल्मत क़ायम नहीं रह सकती ऐसा ही जब لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ का नूरानी पर्तो दिल पर पड़ता है तो नफ़सानी ज़ुल्मत के जज़बात ख़त्म हो जाते हैं।" ख़त्म हो जाते हैं।" गुनाह की हक़ीक़त इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं कि सरकशी की मलूनी से नफ़सानी जज़बात का शोर-ओ-ग़ौग़ा हो जिसके अनुसरण की हालत में एक शख़्स का नाम गुनाह-गार रखा जाता है और لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ के मअनी जो लुग़त-ए-अरब के मोरिदे इस्तमाल से मालूम होते हैं।" शब्दकोश में इसका जो बहुत ज़्यादा मतलब है" वह यह हैं कि لَا مَطْلُوْبَ لِیْ وَلَا مَحْبُوْبَ لِیْ وَلَا مَعْبُوْدَ لِیْ وَلَا مُطَاعَ لِیْ اِلَّا اللّٰہُ- अर्थात बजुज़ अल्लाह के और कोई मेरा मतलूब नहीं और महबूब नहीं और माबूद नहीं और मुता नहीं।" (नूरुल-क़ुरआन नंबर 2 रुहानी ख़ज़ायन, भाग 9 पृष्ठ 418-419) जब यह हालत पैदा हो जाए तो निसन्देह फिर ज़िंदगी भी जन्नत बन जाती है और बख़शिश के सामान इस दुनिया में ही शुरू हो जाते हैं।

फिर कलिमाلَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہकी वज़ाहत करते हुए मज़ीद फ़रमाया कि "असल बात यह है कि अल्लाह तआला ने बहुत से अहकाम दिए हैं। कुछ उनमें से ऐसे हैं कि उनकी बजा आवरी प्रत्येक को मयस्सर नहीं है। उदाहरणतः हज। यह उस आदमी पर फ़र्ज़ है जिसे ताकत हो।" प्रत्येक पर हज फ़र्ज़ नहीं है। "फिर रास्ता में अमन हो। "यह भी ज़रूरी है हज के लिए।" पीछे जो मुताल्लक़ीन हैं उनके गुज़ारा का भी माक़ूल इंतेज़ाम हो।' घर वाले जो पीछे छोड़ के जा रहे हो उनके खाने पीने का भी इंतेज़ाम होना चाहिए। यह नहीं कि उनको भूखा छोड़ के तो हज करने चले जाओ।" और इसी किस्म की ज़रूरी शरायत पूरी हो तो हज कर सकता है। ऐसा ही ज़कात है। यह वही दे सकता है जो साहब-ए-निसाब हो।" जिस पर फ़र्ज़ हो ज़कात वाजिब होती है।" ऐसा ही नमाज़ में भी तग़य्युरात हो जाते हैं।" कभी सफ़र में बीमारी में क़सर भी हो जाती है जमा भी हो जाती है" लेकिन एक बात है जिसमें कोई तग़य्युर नहीं और वह है لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ-

असल यही बात है और बाक़ी जो कुछ है वह सब उसके मुकम्मलअ तहीं।

तौहीद की तकमील नहीं होती जब तक इबादात की बजा आवरी न हो।" इबादात नहीं बजा लाओगे तो तौहीद मुकम्मल नहीं होती। لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ का हक़ अदा नहीं होता।" इसके यही अर्थ हैं कि لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰہ का कहने वाला उस वक़्त अपने इक़रार में सच्चा होता है कि हक़ीक़ी तौर पर अमली पहलू से भी वह साबित कर दिखाए कि हक़ीक़त में अल्लाह के सिवा कोई दूसरा महबूब-ओ-मतलूब और मक़्सूद नहीं है।" अतः यह शर्त है ईमान की। सिर्फ़ ज़बानी इक़रार नहीं। لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ कहा है तो फिर अपने अमल से अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल कर के, उसकी इबादात बजा ला कर, हुक़ूक़ुल्लाह और हुक़ूक़ुल-ईबाद अदा कर के साबित करना होगा क्योंकि यह अल्लाह के हुक्म हैं और अपने महबूब की ख़ातिर और जिसको हासिल करना उद्देश्य है उसकी ख़ातिर और जिसकी तलब की जाती है उसकी ख़ातिर उसके हुक्मों पर अमल करना ज़रूरी है तब एक इन्सानلَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہका हक़ीक़ी आमिल बनता है। इस पर अमल करने वाला बनता है। मानने वाला बनता है। फ़रमाया "जब उसकी यह हालत हो और वाक़ई तौर पर इस का ईमानी और अमली रंग इस इक़रार को ज़ाहिर करने वाला हो तो वह ख़ुदा तआला के हुज़ूर इस इक़रार में झूठा नहीं।" यह बात हो जाए तो बड़ी अच्छी बात है फिर झूठा नहीं है।" सारी माद्दी चीज़ें जल गई हैं और एक फ़ना उन पर उसके ईमान में आ गई है।"لَا اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہ कहने से समस्त माद्दी चीज़ें जल गईं सिर्फ़ अल्लाह तआला मतलूब और

मक़सूद और महबूब हो गया। तो यह ईमानी कैफ़ीयत आ गई।" तब वह لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ मुँह से निकालता है और मुहम्मद रसूलुल्लाह जो उसका दूसरा भाग है वह नमूना के लिए है क्योंकि नमूना और नज़ीर से हर बात सहल हो जाती है। अंबिया अलैहिस्सलाम उदाहरणों के लिए आते हैं और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम समस्त कमालात के नमूनों के जामा थे क्योंकि सारे नबियों के उदाहरणों आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में जमा हैं।" (मल्फ़ूज़ात, भाग 3 पृष्ठ 82-83 ऐडीशन 1984 ई.)

لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہका हक़ीक़ी मफ़हूम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने समझा। अल्लाह तआला के जो हुक्म थे उन पर सही अमल और उनकी तशरीह और उनकी तफ़सीर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाई और आप ही वह कामिल नमूना थे जिसने لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہको कामिल करके दिखाया, इस पर अमल को कामिल कर दिखाया।

फिर हमें नसीहत करते हुए हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "बैअत रस्मी फ़ायदा नहीं देती। ऐसी बैअत से हिस्सादार होना मुश्किल होता है। उसी वक़्त हिस्सादार होगा जब अपने वजूद को तर्क करके बिल्कुल मुहब्बत और इख़लास के साथ इसके साथ हो जावे।"

जिसकी बैअत की है पूरे मुहब्बत और इख़लास के साथ इसके साथ हो जाओ तब बैअत फ़ायदा देगी। फ़रमाया कि "मुनाफ़िक़ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ सच्चा ताल्लुक़ न होने की वजह से आख़िर बेईमान रहे। "उन्हों ने भी ज़ाहिरी बैअतें की थीं। "उनको सच्ची मुहब्बत और इख़लास पैदा न हुआ। इस लिए ज़ाहिरी لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ उनके काम न आया।" फ़रमाया" तो उन ताल्लुक़ात को बढ़ाना बड़ा ज़रूरी काम है। अगर इन ताल्लुक़ात को वह" यानी "(तालिब) नहीं बढ़ाता और कोशिश नहीं करता तो उस का शिकवा और अफ़सोस बेफ़ायदा है। मुहब्बत-ओ-इख़लास का ताल्लुक़ बढ़ाना चाहिए। जहां तक मुम्किन हो इस इन्सान अर्थात"(मुर्शिद के हमरंग हो। तरीक़ों में और एतेक़ाद में।" फ़रमाया कि "नफ़स लंबी आयु के वादे देता है।" इन्सान सोचता रहता है कि अभी तो बड़ी लंबी उम्र पड़ी है। अभी तो मैं जवान हूँ।" यह धोखा है। उम्र का एतबार नहीं है। जल्दी रास्तबाज़ी और इबादत की तरफ़ झुकना चाहिए और सुबह से लेकर शाम तक हिसाब करना चाहिए।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग 1 पृष्ठ 5 ऐडीशन 1984 ई.)

अपना कि मैं क्या कर रहा हूँ। किस हद तक मैंने لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ पर अमल किया है। यह आप अलैहिस्सलाम ने हमें नसीहत फ़रमाई है

फिर एक जगहلَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ को समझने और इस का हक़ अदा करने की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए फ़रमाया कि "मेरा यह मतलब हरगिज़ नहीं कि मुस्लमान सुस्त हो जाए।" कलमा पढ़ लिया तो सुस्त हो जाओ।" इस्लाम किसी को सुस्त नहीं बनाता। अपनी तिजारतों और मुलाज़मतों में भी मसरूफ़ हों परंतु मैं यह नहीं पसंद करता कि ख़ुदा के लिए उनका कोई वक़्त भी ख़ाली न हो।" कह तो रहे हैं اِلٰهَ اِلَّا اللہ। लेकिन अल्लाह का हक़ अदा करना है तो उनको कोई वक़्त ही नहीं मिलता दुनिया में व्यस्त हैं।" हाँ तिजारत के वक़्त पर तिजारत करें और अल्लाह तआला के ख़ौफ़-ओ-ख़शीयत को उस वक़्त भी मद्द-ए-नज़र रखें ताकि वह तिजारत भी उनकी इबादत का रंग इख़तेयार कर ले। नमाज़ों के वक़्त पर नमाज़ों को न छोड़ें। हर मुआमला में कोई हो दीन को मुक़द्दम करें।" दीन मुक़द्दम करना ज़रूरी है। हम अपने अह्द में दुनिया के मुआमलों में यह अह्द भी करते हैं कि दुनिया के मुक़ाबले में हम दीन मुक़द्दम करेंगे। फ़रमाया दुनिया मक़सूद बिज़्ज़ात न हो।"

दुनिया न मक़सूद बिज़्ज़ात हो।" अस्ल-ए-मक़सूद दीन हो। फिर दुनिया के काम भी दीन ही के होंगे। सहाबा कराम रज़ियल्लाहु अन्हु को देखो कि उन्होंने मुश्किल से मुश्किल वक़्त में भी ख़ुदा को नहीं छोड़ा। लड़ाई और तलवार का वक़्त ऐसा ख़तरनाक होता है कि केवल उसके तसव्वुर से ही इन्सान घबरा उठता है। वह वक़्त जबकि जोश और ग़ज़ब का वक़्त होता है ऐसी हालत में भी वह ख़ुदा से ग़ाफ़िल नहीं हुए। नमाज़ों को नहीं छोड़ा। दुआओं से काम लिया। अब यह बदकिस्मती है कि यूं तो हर तरह से ज़ोर लगाते हैं, बड़ी बड़ी तक़रीरें करते हैं' लोग। لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہकी बातें करते हैं "जलसे करते हैं कि मुस्लमान तरक़्क़ी करें मगर ख़ुदा से ऐसे ग़ाफ़िल होते हैं कि भूल कर भी इस की तरफ़ तवज्जा नहीं करते। फिर ऐसी हालत में क्या उम्मीद हो सकती है कि उनकी कोशिशें नतीजा ख़ेज़ हों जबकि वह सबकी सब दुनिया ही के लिए हैं।" कोशिशें दुनिया के लिए कर रहे हैं। नाम मुस्लमानों का इस्तमाल कर रहे हैं। अल्लाह के दीन का इस्तमाल कर रहे हैं।

फ़रमाया "याद रखो जब तकلَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ दिल-ओ-जिगर में सरायत न करे और वजूद के ज़र्रे ज़र्रे पर इस्लाम की रोशनी और हुकूमत न हो कभी तरक़्क़ी नहीं होगी (मल्फ़ूज़ात, भाग 2 पृष्ठ 158-159 ऐडीशन 1984 ई.)

तरक़्क़ी करनी है तो फिरلَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ के मफ़हूम को समझना होगा। अल्लाह तआला को मक़सूद बिज़्ज़ात बनाना होगा न कि दुनिया को। फिर कलमा तुय्यबा की हक़ीक़त और उसके अर्थ वर्णन करते हुए और किस तरह हमें उसे समझ कर उस पर अमल करना चाहिए आप फ़रमाते हैं कि : "मैं कई बार ज़ाहिर कर चुका हूँ कि तुम्हें सिर्फ़ इतने पर ख़ुश नहीं होना चाहिए कि हम मुस्लमान कहलाते हैं और لَا اِلٰهَ اِلَّا اللہ के क़ायल हैं। जो लोग क़ुरआन पढ़ते हैं वह ख़ूब जानते हैं कि अल्लाह तआला सिर्फ़ ज़बानी कील ओ काल से कभी राज़ी नहीं होता और न केवल ज़बानी बातों से कोई ख़ूबी इन्सान के अंदर पैदा हो सकती है जब तक अमली हालत दरुस्त न हो।" ज़बानी बातें तो कोई चीज़ नहीं हैं असल में अमल चीज़ है।" जब तक अमली हालत दरुस्त न हो कुछ भी नहीं बनता। यहूदियों पर भी एक ज़माना ऐसा आया था कि उनमें निरी ज़बान दराज़ी ही रह" गई थी"और उन्होंने सिर्फ ज़बानों की बातों पर ही किफ़ायत कर ली थी। ज़बान से तो वह बहुत कुछ कहते थे परंतु दिल में तरह तरह के गंदे ख़्यालात और ज़हरीले मवाद भरे होते थे। यही वजह थी जो अल्लाह तआला ने इस क़ौम पर तरह तरह के अज़ाब नाज़िल किए और उनको मुख़्तलिफ़ मुसीबतों में डाला और ज़लील किया यहां तक कि उन्हें सूअर और बंदर बनाया।" फ़रमाया कि "अब ग़ौर का मुक़ाम है। क्या वह तौरात को नहीं मानते थे? वह ज़रूर मानते थे और नबियों के भी मानने वाले थे मगर अल्लाह तआला ने उतनी ही बात को पसंद न किया कि वह निरे ज़बान से मानने वाले हों और उनके दिल ज़बान से मुत्तफ़िक़ न हों।" ज़बान से तो कहते हों लेकिन दिल इस पर अमल न कर रहे हों जो ज़बान कह रही है। फ़रमाया "ख़ूब याद रखना चाहिए अगर कोई शख़्स ज़बान से कहता है कि मैं ख़ुदा कोوَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ मानता हूँ और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की रिसालत पर ईमान लाता हूँ। और ऐसा ही और ईमानी उमूर का क़ायल हूँ लेकिन अगर यह इक़रार सिर्फ़ ज़बान ही तक है और दिल मोतरिफ़ नहीं तो यह ज़बानी बातें होंगी।" मुँह से कह देना काफ़ी नहीं है जब तक दिल से आवाज़ न उठे।" और नजात इस से नहीं मिल सकेगी जब तक इन्सान का दिल ईमान न लाए। और इस का ईमान लाना यही होगा कि वह अमली हालत में इन उमूर को ज़ाहिर कर दे उस वक़्त तक कोई बात बनती नहीं।" अमली हालत क्या है? यह कि अल्लाह तआला के अहकामात पर अमल जो क़ुरआन-ए-करीम में वज़ाहत से वर्णन हुए हैं।

फ़रमाया कि "मैं सच्च कहता हूँ कि असल मुराद तब ही हासिल होती है जब सब कुछ छोड़ छाड़ कर ख़ुदा तआला की तरफ़ मुतवज्जा हो और दरहक़ीक़त दुनिया पर दीन को मुक़द्दम कर दे।" सिर्फ अह्द करने से नहीं होगा अमली तौर पर दीन को दुनिया पर मुक़द्दम करना होगा।

फ़रमाया "याद रखो मख़लूक़ को इन्सान धोखा दे सकता है और लोग यह देखकर कि पंज वक़्त नमाज़ पढ़ता है या और नेकी के काम करता है धोखा खा सकते हैं।" लोग देखने वाले हैं किसी के अमल को नमाज़ पढ़ते देख के, मस्जिद में आ के नफ़ल पढ़ते देख के कह सकते हैं बड़ा पांचों समय के नमाज़ी है, मस्जिद में आता है। कोई और नेकी का काम किया है। चंदे दे रहा है। बड़ा नेक आदमी है। लोग धोखा खा सकते हैं "मगर ख़ुदा तआला धोखा नहीं खा सकता। इस लिए आमाल में एक ख़ास इख़लास होना चाहिए।" आमाल जो बजा लाने हैं उनमें भी एक इख़लास होना चाहिए और इख़लास वही होगा जो विशेषता अल्लाह तआला की ख़ातिर हो।" यही एक चीज़ है जो आमाल में सलाहियत और ख़ूबसूरती पैदा करती है।" फ़रमाया "अब याद रखना चाहिए कि कलमा जो हम हर-रोज़ पढ़ते हैं उसके क्या अर्थ हैं? कलिमा के यह मअनी हैं कि इन्सान ज़बान से इक़रार करता है और दिल से तसदीक़ कि मेरा माबूद, महबूब और मक़सूद ख़ुदा तआला के सिवा और कोई नहीं।"

जैसा कि पहले भी वर्णन हो चुका है। आप ने फ़रमाया कि " اِلٰه का शब्द महबूब और अस्ल मक़सूद और माबूद के लिए आता है।" सबसे ज़्यादा मुहब्बत इस से हो और वही उद्देश्य हो जिसको हासिल करने की इन्सान की उद्देश्य हो न कि दुनियावी चीज़ें और इबादत सिर्फ उसी की की जाए कोई मख़फ़ी शिर्क भी न हो। फ़रमाया कि " اِلٰه का शब्द महबूब और अस्ल-ए-मक़सूद और माबूद के लिए आता है। यह कलमा क़ुरआन शरीफ़ की सारी तालीम का ख़ुलासा है जो

मुस्लमानों को सिखाया गया है। चूँकि एक बड़ी और मबसूत किताब का याद करना आसान नहीं।" पूरा क़ुरआन शरीफ़ याद करना तो आसान नहीं है" इस लिए यह कलिमा सिखा दिया गया ताकि हर वक़त इन्सान इस्लामी-ए-तालीम के मग़ज़ को दृष्टिगत रखे।" और मग़ज़ किया है لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ। कोई माबूद नहीं सिवाए अल्लाह के। वही मेरा मतलूब है, वही मेरा मक़सूद है, वही मेरा महबूब है।" और जब तक यह हक़ीक़त इन्सान के अंदर पैदा न हो जाए सच्च यही है कि नजात नहीं। इसी लिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया مَنْ قَالَ لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہُ دَخَلَ الْجَنَّۃَ जिसने सिदक़ दिल से لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ को मान लिया वह जन्नत में दाख़िल हो गया। लोग धोखा खाते हैं।" इस की वज़ाहत में आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "अगर वह यह समझते हैं कि तोते की तरह शब्द कह देने से इन्सान जन्नत में दाख़िल हो जाता है। अगर उतनी ही हक़ीक़त उसके अंदर होती तो फिर सब आमाल बेकार और निकम्मे हो जाते।" केवल لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ कहने से जन्नत में दाख़िल हो जाओ फिर तो अमल सारे ख़त्म हो गए। क़ुरआन-ए-करीम में जो इतने बड़े अहकामात हैं उनकी ज़रूरत ही क्या थी।" और शरीयत (मआज़-अल्लाह) लगू ठहरती। नहीं। बल्कि उसकी हक़ीक़त यह है कि वह मफ़हूम जो इसी में रखा गया है वह अमली रंग में इन्सान के दिल में दाख़िल हो जाए। जब यह बात पैदा हो जाती है तो ऐसा इन्सान फ़िल-हक़ीक़त जन्नत में दाख़िल हो जाता है।" जब इस हक़ीक़त को इन्सान समझ ले لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ के मफ़हूम को तो फिर जन्नत में दाख़िल होता है। "न केवल मरने के बाद बल्कि उसी ज़िंदगी में वह जन्नत में होताहै।"

एक और जगह दूसरी एक मज्लिस में आप फ़र्मा रहे थे। दूसरे अख़बार ने इस को ज़ायद वज़ाहत से इस तरह भी लिखा है। आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि "ख़ुदा तआला अलफ़ाज़ से ताल्लुक़ नहीं रखता। वह दिलों से ताल्लुक़ रखता है।

इस का अर्थ यह है कि जो लोग दरहक़ीक़त इस कलमा के मफ़हूम को अपने दिल में दाख़िल कर लेते हैं और ख़ुदा तआला की अज़मत पूरे रंग के साथ उनके दिलों में बैठ जाती है वह जन्नत में दाख़िल हो जाते हैं। जब कोई शख़्स सच्चे तौर पर कलिमा का क़ायल हो जाता है तो बजुज़ ख़ुदा के और कोई उस का प्यारा नहीं रहता।" सच्चे तौर पर कलिमा पढ़ लिया तो फिर अल्लाह तआला के इलावा कोई प्यारा रह ही नहीं सकता" सिवाए ख़ुदा के कोई उसका माबूद नहीं रहता" कोई ऐसा शख़्स हो ही नहीं सकता जिसकी मख़फ़ी तौर पर भी इबादत हो।" और बजुज़ ख़ुदा के कोई उसका मतलूब बाक़ी नहीं रहता।" कोई ऐसी चीज़ रहती नहीं जिसका वह तालिब हो। वह सिर्फ़ अल्लाह तआला की रज़ा का तालिब होता है।" वह मुक़ाम जो अबदाल का मुक़ाम है और वह जो क़ुतुब का मुक़ाम है और वह जो ग़ौस का मुक़ाम है वह यही है कि कलिमा لَا اِلٰہَ اِلَّا اللہ पर दिल से ईमान हो और उसके सच्चे मफ़हूम पर अमल हो।"

बहरहाल फिर उसी तसलसुल में आगे फ़रमाया कि "यह सच्ची बात है और जल्द समझ में आ जाती है कि जब अल्लाह तआला के सिवा इन्सान का कोई महबूब और मक़सूद न रहे तो फिर कोई दुख या तकलीफ़ उसे सता ही नहीं सकती।"

"दुआ एक ज़बरदस्त ताक़त है जिससे बड़े बड़े मुश्किल मुक़ाम हल हो जाते हैं और अत्यधिक कठिन मंज़िलों को इन्सान बड़ी आसानी से तै कर लेता है क्योंकि दुआ उस फ़ैज़ और क़ुव्वत को जज़ब करने वाली नाली है जो अल्लाह तआला से आता है। जो शख़्स कसरत से दुआओं में लगा रहता है वह आख़िर इस फ़ैज़ को खींच लेता है और ख़ुदा तआला से ताईद याफताह हो कर अपने मक़ासिद को पा लेता है .. यक़ीनन समझो कि दुआ बड़ी दौलत है। जो शख़्स दुआ को नहीं छोड़ता उस के दीन और दुनिया पर आफ़त नहीं आएगी। वह एक ऐसे क़िला में महफ़ूज़ है जिसके इर्द-गिर्द मुसल्लह सिपाही हर समय हिफ़ाज़त करते हैं लेकिन जो दुआओं से लापरवा है वह उस शख़्स की तरह है जो ख़ुद बे हथियार है और उस पर कमज़ोर भी है और फिर ऐसे जंगल में है जो दरिंदों और भयानक जानवरों से भरा हुआ है। वह समझ सकता है कि उस की ख़ैर हरगिज़ नहीं है। एक लम्हे में वह भयानक जानवरों का शिकार हो जाएगा और उस की हड्डी बोटी नज़र न आएगी। इस लिए याद रखो कि इन्सान की बड़ी सआदत और उसकी हिफ़ाज़त का असल ज़रीया ही यही दुआ है। यही दुआ उसके लिए पनाह है अगर वह हर समय उस में लगा रहे।" (मल्फ़ूज़ात भाग नंबर 7 पृष्ठ 192 प्रकाशित लंदन ऐडीशन 1984 ई.)

दुआ की स्वीकृति की कैफ़ीयत वर्णन करते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्स-लाम फ़रमाते हैं कि

"दुआ की वास्तविकता यह है कि एक सईद बंदा और उसके रब में एक ताल्लुक़ आकर्षण शक्ति है। अर्थात पहले ख़ुदा तआला की रहमानियत बंदा को अपनी तरफ़ खींचती है फिर बंदा के सिदक़ की कशिशों से ख़ुदा तआला उस से नज़दीक हो जाता है और दुआ की हालत में वह ताल्लुक़ एक ख़ास मुक़ाम पर पहुंच कर अपने ख़वास अजीबा पैदा करता है। अतः जिस वक़्त बंदा किसी सख़्त मुश्किल में मुबतला हो कर ख़ुदा तआला की तरफ़ कामिल यक़ीन और कामिल उम्मीद और कामिल मुहब्बत और कामिल वफ़ादारी और कामिल हिम्मत के साथ झुकता है और निहायत दर्जा का बेदार हो कर ग़फ़लत के पर्दों को चीरता हुआ फ़ना के मैदानों में आगे से आगे निकल जाता है फिर आगे क्या देखता है कि बारगाह उलूहियत है और उसके साथ कोई शरीक नहीं। तब उसकी रूह उस आस्ताना पर सिर रख देती है और क़ुव्वत जज़ब में जो उसके अंदर रखी गई है वह ख़ुदा तआला की इनायात को अपनी तरफ़ खींचती है। तब अल्लाह जल्लाशाना इस काम के पूरा करने की तरफ़ मुतवज्जा होता है और इस दुआ का असर इन समस्त मूल अस्बाब पर पड़ता है जिन से ऐसे अस्बाब पैदा होते हैं जो इस मतलब के हासिल होने के लिए ज़रूरी हैं। उदाहरणतः अगर बारिश के लिए दुआ है तो बाद इस्तेजाबत दुआ के वे स्वभाविक अस्बाब जो बारिश के लिए ज़रूरी होते हैं इस दुआ के असर से पैदा किए जाते हैं औरा यदि सूखे के लिए बददुआ है तो क़ादिर-ए-मुतलक़ मुख़ालिफ़ाना अस्बाब को पैदा कर देता है। इसी वजह से यह बात अरबाब-ए-कशफ़ और कमाल के नज़दीक बड़े बड़े अनुभव से साबित हो चुकी है कि कामिल की दुआ में एक क़ुव्वत तकवीन पैदा हो जाती है अर्थात अल्लाह तआला की इच्छा से वह दुआ आलम-ए-सिफ़्ली और उलवी में तसर्रुफ़ करती है और अनासिर और अजराम-ए-फल्की और इन्सानों के दिलों को इस तरफ़ ले आती है जो समर्थन चाहता है।"

(बरकातुद दुआ, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 6 पृष्ठ 9 से 10)

प्रिय पाठकों !अब ख़ाकसार हज़रत अमीरुल मोमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के दुआ की स्वीकृति के बेशुमार वाक़ियात में से सिर्फ चंद एक वाक़ियात वक़्त की रियाइत से पेश करेगा।

(1) ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया ऐसी नेअमत है जो जहां प्यासी रूहों को सेराब करती है वहां बंजर ज़मीनों की आबयारी के सामान भी करती है। जलसा सालाना 2012 ई. की दूसरे दिन की तक़रीर के दौरान हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने बर्र-ए-आज़म अफ़्रीक़ा में ज़ाहिर होने वाले सदहा निशानात में से एक निशान का वर्णन इस तरह फ़रमाया :

"अमीर साहिब माली लिखते हैं कि पिछले वर्ष बहुत कम बारिश हुई जिसकी वजह से शदीद मुश्किलात थीं। उन्होंने मुझे भी दुआ के लिए लिखा तो मैंने उनको कहा था कि नमाज़ इस्तस्क़ा पढ़ें। अल्लाह तआला ने फ़ज़ल फ़रमाया। हमारे एक मुअल्लिम वर्णन करते हैं कि एक स्कूल टीचर मुहम्मद तोरे साहिब उनके पास आए और बताया कि वह बाक़ायदगी से रेडीयो अहमदिया सुनते थे लेकिन जमात से कोई संपर्क नहीं था। एक दिन सुना कि जमाअत के ख़लीफ़ा ने इस इलाक़े के लिए बारिश की ख़ुसूसी दुआ की है। फिर उसने सुना कि माली जमात का अमीर उनके इलाक़े में आ रहा है तो दिल में ख़्याल पैदा हुआ कि वह ख़ुद जा कर उसे मिले। इस लिए फ़िराको (Farako) गांव जहां प्रोग्राम था वह वहां पहुंच गया। वहां भी उसने अमीर से सुना कि इस इलाक़े में बारिशों के लिए ख़लीफ़तुल -मसीह ने दुआ की है और फिर ख़ुसूसी नमाज़ पढ़ाई। उसने अपने दिल में रख लिया कि अगर इस साल ग़ैरमामूली

बारिश होती है तो सिर्फ दुआ का नतीजा होगी। क्योंकि कई साल से अच्छी बारिशें नहीं हुई थीं। जब बारिश का मौसम आया तो उसने देखा कि हर दूसरे तीसरे दिन बहुत बारिश हो जाती है। वह इस चीज़ का गवाह है कि पिछले दस सालों से ऐसी बारिशें नहीं हुईं। आज वह इसलिए आया है कि अहमदीयत में दाख़िल हो क्योंकि ख़ुदा ख़लीफ़ा के साथ है। अलहमदो लिल्लाह। अब इस गांव में कसरत से लोग बैअत कर हैं।"

(अल्फ़ज़ल इंटरनैशनल 3 अगस्त 2018 ई. पृष्ठ 18)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने इम साल रिव्यू आफ़ रीलीजंज़ की तरफ़ से मुनाक़िदा God Summit के अवसर पर अपने ख़ुसूसी पैग़ाम में कुछ वाक़ियात का वर्णन फ़रमाया। उनमें से चंद एक का वर्णन करता हूँ।

(2) हुज़ूर ने फ़रमाया एवरी कोस्ट का एक वाक़िया हमारे मुअल्लिम ने लिखा। एक मुख़लिस अहमदी हैं वहां अब्दुल्लाह साहिब उनके बारे में लिखा कि मेरे भाई को इस तरह पुलिस पकड़ कर ले गई है और अदालत ने इस को नशा बेचने के जुर्म में बीस साल क़ैद की सज़ा सुना दी। कहते हैं मैं बड़ा परेशान था कि मेरे भाई को इस तरह पुलिस पकड़ के ले गई है। मुजरिम नहीं है। कहते हैं इस परेशानी की हालत में उन्होंने मुझे यहां लंदन में ख़त लिखा। कहते हैं ख़लीफ़तुल मसीह को मैंने ख़त लिखा दुआ के लिए और ख़ुद भी अपने भाई की रिहाई के लिए दुआ शुरू कर दी। कहते हैं लेकिन इस के बावजूद रिहाई की कोई सूरत नज़र नहीं आ रही थी। कहते हैं एक दिन ख़ाब में मैं ने देखा, मुझे लिख रहे हैं वह कि ख़लीफ़तुल मसीह को देखा, आपको देखा और आपने फ़रमाया कि परेशान न हो और सब्र करो तुम्हारा भाई जल्दी रिहा हो जाएगा। सुबह जब मैं उठा तो मुझे बड़ी तसल्ली थी और यक़ीन था कि इन शा अल्लाह तआला, अल्लाह कोई चमत्कार दिखाएगा और मेरा भाई रिहा हो के आ जाएगा लेकिन भाई ने क्या रिहा होना था उल्टा कुछ दिन के बाद उनकी वालदा की तबीयत ख़राब हो गई। उनको शहर के बड़े हस्पताल में ले जाना पड़ा और वहां उन्होंने दाख़िल कर लिया। कहते हैं मैं बड़ा परेशान कि पहले एक मुसीबत थी अब दूसरी मुश्किल भी आगई। माता बीमार हो गई हैं, बड़ी करब की हालत थी, बड़ी बेबसी की हालत थी, बहुत परेशान था कि मसायल बढ़ते जा रहे हैं। फिर मैं ने दुआ की तो कहते हैं रात को सोया तो फिर उन्होंने मुझे ख़ाब में देखा और मैंने उनको कहा कि उट्ठो और जा के दरवाज़ा खोलो। कहते हैं मैं बेदार हो गया। एक दम मैं जागा, आँख खुली मेरी तो देखा दरवाज़े कोई knockकर रहा था। जा के मैंने दरवाज़ा खोला तो कहते हैं वहां मेरा बड़ा भाई मौजूद था। उसने कहा कि पुलिस ने मुझे आज रिहा कर दिया है और कहते हैं यह सब अल्लाह तआला के फ़ज़ल से दुआओं की बरकत का चमत्कार है और ख़लीफ़ा वक़्त से ताल्लुक़ का चमत्कार है। (सह रोज़ा इंटरनैशनल 27 मई 2022 ई.)

(3) फिर गेम्बयाका एक वाक़िया वर्णन करते हुए हुज़ूर फ़रमाते हैं एक दोस्त हैं उम्र साहिब उन्होंने 2017 ई. में फ़ैमिली के साथ बैअत की थी। उनकी बीवी को यूट्रस (uterus) का कैंसर, रहम का कैंसर था। सात साल क़बल बच्चे की पैदाइश हुई थी और इस के बाद कैंसर हो गया। डाक्टरों ने कह दिया कि इस का कोई ईलाज नहीं और तुम्हारे औलाद पैदा होना मुम्किन ही नहीं है। उनकी बीवी इस वजह से बड़ी परेशान रहती थी। एक बिमारी भी है औलाद भी नहीं और हो सकती। ज़िंदगी मौत का सवाल है। पता नहीं ज़िंदगी रहती है कि नहीं। छोटा बचा है इस की भी ख़ुशियां देखेंगी कि नहीं। बहरहाल बैअत करने के बाद कहते हैं उनकी बीवी ने एक लीफ़ लेट लिया इस पर तस्वीर मेरी थी। कहती हैं वह तस्वीर देख कर पता नहीं मेरे दिल में ख़्याल पैदा हुआ और सुकून पैदा हुआ तो मैं दुआ भी करती रही और अल्लाह तआला से मज़ीद तसकीन की दुआ माँगती रही। फिर उन्हों ने मुझे ख़त लिखा और अपनी दुआ की दरख़ास्त के साथ बीमारी और औलाद की ख़ाहिश का भी वर्णन किया। अल्लाह का फ़ज़ल ऐसा हुआ कि कुछ देर के बाद वह हामिला हो गईं और जब डाक्टरों और नर्सों ने चैक किया तो हैरान थे। वह उनको कह रहे थे कि हम ने तो जवाब दे दिया था और यह मेडीकली संभव नहीं था कि अब इस औरत का बच्चा पैदा हो। फिर जब उन्होंने pregnancy टैस्ट के बाद दुबारा कैंसर का टैस्ट किया और देखा तो वह भी बिल्कुल नेगेटिव (negative) आया। इस पर डाक्टर बड़े हैरान थे। डाक्टर ने इस नौ मुबाईं ख़ातून से पूछा तुमने कौन सी दवाई प्रयोग की है कि जिस से यह कैंसर भी ख़त्म हो गया और तुम्हारी यह मुश्किल और इस तरह की तकलीफ़ दूर हो गई जिस पर मेडीकली तो हमें यक़ीन था कि नहीं हो सकती। कहने लगी मैंने कोई दवा नहीं इस्तमाल की। मैं ने तो ख़लीफ़-ए-वक़्त को दुआ के लिए लिखा था और ख़ुद भी दुआ कर रही थी और यह दुआ की बरकतें हैं और यही मेरा ईलाज है जिस से अल्लाह तआला ने इस की वजह से फ़ज़ल फ़रमाया है। (सह रोज़ा अल्फ़ज़ल इंटरनैशनल 27 मई 2022 ई.)

(4) हुज़ूर फ़रमाते हैं : मालदा सूबा बंगाल इंडिया के एक मुअल्लिम साहिब हैं उनके गुर्दे ख़राब हो गए। यह 2005 ई. की बात है। और डाक्टरों ने ईलाज करने की कोशिश की। कोई सूरत पैदा नहीं हो रही थी। डाक्टरों ने जवाब दे दिया कि अब कुछ नहीं हो सकता।2005 ई. में जब मैं कादियान गया हूँ तो वहां उनकी फ़ैमिली मुलाक़ात थी उन्होंने अपनी बीमारी का वर्णन किया। मुअल्लिम साहिब ने दुआ की दरख़ास्त की और इस के कुछ अरसा के बाद वह दुबारा चैक अप कराने हस्पताल गए तो डाक्टर हैरान रह गए कि गुर्दे ग़ैरमामूली तौर पर ठीक हो गए हैं और अल्लाह के फ़ज़ल से इस के बाद वह बिल्कुल सेहत याब हैं। तो यह अल्लाह तआला का फ़ज़ल है दुआ के बारे में कि ग़ैर मुम्किन को यह मुम्किन में बदल देती है। (सह रोज़ा अल्फ़ज़ल इंटरनैशनल 27 मई 2022 ई.)

हुज़ूर अनवर के दुआ की स्वीकृति के बाअज़ वाक़यात जो विनीत को वकालत तिबशीर् लंदन से बज़रीया वकालत तामील-ओ-तनफ़ीज़ बराए भारत, नेपाल, भूटान मौसूल हुए हैं। इन में से कुछ पेश करता हूँ।

(मौसूल अज़ वकालत तबशीर् लंदन बज़रीया ख़त T-9313-19R/14-9-22 बहवाला WTT-46797/25-9-22)

(5) मुबल्लिग़ इंचार्ज साहिब ज़िला "चन्द्रपूर" महाराष्ट्र लिखते हैं कि

जमाअत अहमदिया "बलारपुर" के एक मुख़लिस नौजवान मुनव्वर अली साहिब जो कि अंजीनियर हैं कई दिनों से नौकरी के लिए मुख़्तलिफ़ कंपनियों में इंटरवियू इत्यादि दे रहे थे परंतु कहीं भी कामयाबी नहीं मिल रही थी। उसी दौरान हुज़ूर ने मस्जिद बैतुल फ़तूह की (renovation) के लिए तहरीक फ़रमाई उन्होंने एक भारी रक़म वादा के तौर पर लिखवा दी हालाँकि उनके पास नौकरी भी नहीं थी। इस के साथ साथ वह हुज़ूर अनवर की ख़िदमत में दुआ के लिए भी लिखते रहे। वह कहते हैं कि मुझे ख़ुदा पर यक़ीन था कि अल्लाह तआला ज़रूर मदद फ़रमाएगा। इसलिए अल्लाह तआला ने फ़ज़ल फ़रमाया और उन्हें क़तर में नौकरी मिल गई और जितनी रक़म का वादा लिखवाया था उतनी ही रक़म तनख़्वाह के तौर पर निर्धरित हुई।

(6) अमीर साहिब बुर्कीना फासो लिखते हैं :

जियालो अबदुर्रहमान साहिब अफ़्सर जलसा सालाना बुर्कीना फासो की इस वर्ष मार्च में हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात हुई तो उन्होंने दरख़ास्त की कि हमारा जलसा मुनाक़िद होने वाला है लेकिन वहां शदीद गर्मी है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया "अच्छा आप क्या चाहते हैं कि बारिश हो जाएगी?" इस पर उन्होंने अर्ज़ किया कि जी हुज़ूर! इस पर हुज़ूर ने फ़रमाया "अच्छा"। इसलिए जब जलसा मुनाक़िद हुआ पहले रोज़ 42 डिग्री दर्जा हरारत था लेकिन अस्र के बाद मौसम ख़ुशगवार हुआ और हल्की सी फुवार भी पड़ी। फिर रात आठ बजे के क़रीब मूसलाधार बारिश शुरू हो गई और रात ग्यारह बजे के बाद बारिश थम गई और हवा चलने से समस्त जगह ख़ुशक होना शुरू हो गई और सुबह प्रोग्राम के मुताबिक़ तहज्जुद अदा की गई। ख़ाकसार को बीस साल से ज़ायद अरसा हो गया है और जमात के क़दीमी अहबाब से भी पूछा सबने बताया कि कभी भी जलसा में बारिश नहीं हुई और इस महीने में इस तरह बारिश का होना इंतेहाई ग़ैरमामूली वाक़िया था। फिर अफ़्सर साहिब जलसा सालाना ने समस्त हाज़ेरीन को हुज़ूर से मुलाक़ात और जलसा में बारिश की दरख़ास्त का बताया तो कैफ़ीयत ही मुख़्तलिफ़ हो गई सब के दिल दुआ की स्वीकृति और ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया से मुहब्बत और खलूस से भर गए और फ़िज़ा देर तक नाराए तकबीर से गूँजती रही।

(7) कांगोबर अज़ अवील में शहर प्वाईंट नवार के मुबल्लिग लिखते हैं : कांगोबर अज़ावील शहर के प्वाईंट नवार में 2015 ई. में अहमदिया मिशन के क़ियाम के बाद एक दिन बाज़ार में पाकिस्तानी दोस्त मुहम्मद इक़बाल साहिब से मुलाक़ात हुई। पहले तो बहुत ख़ुशी से मिले और फ़ोन नंबर भी लिया। लेकिन जब मैंने अपने अहमदी होने का बताया तो अचानक रवैय्या में तबदीली आ गई

वक़्त गुज़रने के साथ साथ ख़ाकसार जब भी संपर्क करके मिशन हाऊस आने की दावत देता तो कोई न कोई उज़्र कर देते। 2017 ई. में अचानक उनकी मुलाज़मत ख़त्म हो गई और अच्छी ख़ासी बड़ी रक़म भी फंस गई। साथ ही पासपोर्ट भी ख़त्म हो गया। वह बहुत ही परेशान हुए और हर जगह कोशिश की परंतु कोई हल न निकल सका।

फिर जनवरी 2018 ई. में एक दिन अचानक इंतेहाई परेशानी में उनका फ़ोन आया कि मैं आपसे मिलने मिशन हाऊस आना चाहता हूँ। यहां पहुंच कर अपनी परेशानी का इज़हार किया और कहा कि आप मुझे पासपोर्ट बनवा दें। कहने लगे कि मुझे सब ने यही कहा है कि जमात अहमदिया ही तुम्हारी मदद कर सकती है।

इसलिए उनका ऑनलाइन पासपोर्ट अप्लाई किया गया तो चंद दिनों में उनका पासपोर्ट बन कर आ गया। पासपोर्ट का बनना था कि उनकी तबीयत में जमाअत के लिए नरमी आने लगी। वह अक्सर मिशन हाऊस आने लगे और खाना भी साथ खाने लगे। फिर जलसा कांगो 2018 ई. में भी शरीक हुए। चूँकि उनकी मुलाज़मत ख़त्म हो गई थी और एक बड़ी रक़म भी फंस गई थी। जिसके हुसूल की कोई सूरत नहीं निकलती थी। इसी तग-ओ-दो में 15 महीने गुज़र गए। और उनकी परेशानी थी कि बढ़ती जाती थी।

एक दिन मिशन हाऊस में बैठे हुए बहुत ही रंजीदा हो गए और कहने लगे कि आप अपनी जमाअत के ख़लीफ़ा साहिब को मेरी तरफ़ से दुआइया ख़त लिखें। और बार-बार इसरार करने लगे। मैंने कहा कि हम अभी हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की ख़िदमत में दुआइया ख़त लिख लेते हैं परंतु याद रखें कि आप अहमदी हो या न हो मगर इस दुआ का क़बूल होना आप के लिए ख़ुदा तआला की तरफ़ से अहमदीयत की सदाक़त का निशान होगा क्योंकि आपको अपनी रक़म मिलने की ज़र्रा भी उम्मीद नहीं। इस लिए उसी रात दुआइया ख़त फैक्स कर दिया और इंतेज़ार करने लगा कि अल्लाह तआला जलद अपना फ़ज़ल फ़रमाए।

ख़ुदा तआला भी बहुत शान वाला है और उसे भी अपने ख़लीफ़ा से शदीद मुहब्बत है। ख़ुदा तआला का फ़ज़ल हुआ और आख़िर चार दिन बाद वह मु-स्कुराते हुए मिशन हाऊस आए और कहने लगे कि जिस रात को हमने ख़लीफ़ा साहिब को ख़त फैक्स किया था, इस से अगले दिन ही मुझे दफ़्तर से काल आ गई थी कि आप आ जाएं और फिर से मुलाज़मत करें और उन्होंने रक़म मिलने की भी यक़ीन दहानी है।

मैंने अलहमदो लिल्लाह पढ़ा और कहा कि देखें अल्लाह तआला ने अपने फ़ज़ल और प्यारे ख़लीफ़ा की दुआओं से आपके लिए अहमदीयत की सदाक़त का कैसा चमत्कार दिखाया है। वह अहमदीयत के काफ़ी क़रीब आ गए हैं। अल्लाह तआला उनके हिदायत के सामान पैदा फ़रमाए। (वकालत तिबशीर् लंदन)

(8) जर्मनी से अबरार अहमद साहिब तहरीर करते हैं मैंने जर्मनी आने के बाद Burgerking (फास्टफूड रैस्टोरैंट) मे काम शुरू कर दिया एक दिन उन्होंने बलीटेन में हुज़ूर अनवर का इरशाद पढ़ा कि "ऐसे अफ़राद जो सूअर के गोश्त और एल् कोहल वाली जगह पर काम करते हैं उनसे चंदा नहीं लेना"

यह तहरीर करते हैं कि हुज़ूर अनवर का यह इरशाद पढ़ा तो होश उड़ गए। सारी रात बेक़रारी और नफ़ल पढ़ कर गुज़ारी कि हे अल्लाह तो मेरी हालत को जानता है उसी दौरान हुज़ूर अनवर को भी दुआ के लिए ख़ुतूत बा क़ाएदगी से लिखता रहा। यह सोचता रहा कि इस छोटे शहर में और कौन मुझे काम देगा? और इसी दौरान जमात के लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि हमें वसीयत का कहता है अब अपनी वसीयत कैसे बचाएगा।

इसी दौरान हुज़ूर अनवर की तरफ़ से ख़त का जवाब मौसूल हुआ जिस में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया "कि अल्लाह तआला आपको ज़रूर बाबरकत काम देगा। दुआ बहुत करी"

इस लिए तुरंत उठा और काम वालों को काम से जवाब दे दिया और कहा कि यह मेरा आख़िरी दिन है। काम वालों ने डराया कि पैसे नहीं मिलेंगे, बहुत मुश्किल होगी लेकिन मैं वहां से अपना अस्तीफ़ा देकर वापस घर आ गया। घर आकर अपना लेटर बाक्स खोला तो POST के महिकमा की तरफ़ से ख़त आया हुआ था कि कल से काम पर आ जाओ। फ़ौरन सिर ख़ुदा के हुज़ूर झुक गया कि एक दिन पहले काम ख़त्म हुआ और अगले दिन नया काम मिल गया। अब अल्लाह तआला ने गाड़ी भी दे दी और अल्लाह तआला के फ़ज़ल से बतौर सैक्रेटरी वसाया नई वसाया का टार्गेट भी मुकम्मल करने की तौफ़ीक़ मिली। अलहमदो लिल्लाह।

सामईन हज़रात ये वाक़ियात सुन कर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के अलफ़ाज़ में यही आवाज़ दिल से निकलती है कि

क़ुदरत से अपनी ज़ात का देता है हक़ सबूत
इस बे-निशाँ की चेहरा-नुमाई यही तो है
जिस बात को कहे कि करूँगा मैं यह ज़रूर
टलती नहीं वह बात ख़ुदाई यही तो है
ग़ैर मुम्किन को यह मुम्किन में बदल देती है
हे मेरे फ़लसफ़ी ज़ोर-ए-दुआ देखो तो

जमाअत-ए-अहमदिया अल्लाह तआला केफज़ल से दुनिया में वाहिद जमाअत है जिसे माँ बाप से ज़्यादा बढ़कर दर्द रखने वाला और दुआएं करने वाला वजूद हासिल है। जब रात को सब सो जाते हैं तो वह जागता है समस्त दुनिया में बसने वाले इन्सानों के लिए अपने रब के हुज़ूर मुनाजात करता है। अपने तो अपने ग़ैर भी इस बात को महसूस किए बग़ैर नहीं रहते।

प्रिय श्रोताओ!अब ख़ाकसार हज़रत अमीरुल-मोमनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की तरफ़ से दुआ के बारे में तहरीकात और नसाएह के हवाला से कुछ इक़तेबासात पेश करेगा।

ख़ुतबा जुमा फ़र्मूदा 21 मई 2004 ई. में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ फ़रमाते हैं :

"याद रखें कि वह सच्चे वादों वाला ख़ुदा है। वह आज भी अपने प्यारे मसीह की इस प्यारी जमात पर हाथ रखे हुए है। वह हमें कभी नहीं छोड़ेगा और कभी नहीं छोड़ेगा और कभी नहीं छोड़ेगा।

वह आज भी अपने मसीह से किए हुए वादों को उसी तरह पूरा कर रहा है जिस तरह वह पहली ख़िलाफ़तों में करता रहा है। वह आज भी इसी तरह अपनी रहमतों और फ़ज़लों से नवाज़ रहा है। जिस तरह पहले वह नवाज़ता रहा है और इन शाअल्लाह नवाज़ता रहेगा अतः दुआएं करते हुए और उसकी तरफ़ झुकते हुए और उसका फ़ज़ल मांगते हुए हमेशा उसके आस्ताना पर पड़े रहें और इस मज़बूत कड़े को हाथ डाले रखें तो फिर कोई भी आपका बाल भी बाका नहीं कर सकता। अल्लाह तआला सबको इस की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए।" (ख़ुतबा-ए-जुमा फ़र्मूदा 21 मई 2004 ई., प्रकाशित अल्फ़ज़ल इंटरनैशनल 4 जून 2004 पृष्ठ : 9)

हुज़ूर अनवर फ़रमाते हैं : "जहां-जहां भी अहमदी ज़ुलम का निशाना बन रहे हैं वह याद रखें कि यह शैतान के साथ आख़िरी जंग है और अल्लाह तआला की रज़ा की ख़ातिर आप इस फ़ौज में दाख़िल हुए हैं जो इस ज़माने के इमाम ने बनाई। इस लिए अपने ईमानों को मज़बूत करते हुए, अल्लाह तआला से सबात क़दम और इस्तक़ामत मांगते हुए हमेशा और हर वक़त सब्र और हौसले का मुज़ाहरा करें। अल्लाह तआला के आगे मज़ीद झुकें। आख़िरी फ़तह इन शा अल्लाह तआला हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत की ही है। जैसा कि आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि इन शैतानी और तागूती कुव्वतों को शिकस्त देने के लिए अल्लाह तआला ने यह सिलसिला क़ायम फ़रमाया है लेकिन एक बात हमें हमेशा याद रखनी चाहिए कि बैरूनी शैतान को शिकस्त देने के लिए जो अंदरूनी शैतान है इस को भी निरस्त करना होगा। क्योंकि हमारी

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT

AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

फ़तह मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ जुड़ने की वजह से ज़ाहिरी अस्बाब से नहीं होनी बल्कि दुआओं से होनी है और दुआओं की क़बूलियत के लिए अपने आपको ख़ुदा तआला की रज़ा के मुताबिक़ चलने वाला बनाने की ज़रूरत है और इस के लिए नफ़्स का जिहाद भी बहुत है।"

(ख़ुतबा जुमा फ़र्मूदा तिथि 06 मार्च 2009 ई.)

हुज़ूर अनवर फ़रमाते हैं : "जब ख़ुदा तआला अपने बंदे के इस क़दर नज़दीक हो जाए कि वह और बंदा एक दूसरे में जज़ब हो जाएं। फिर जब बंदा दुआ करता है तो ऐसी हालत में की गई दुआ ऐसे ऐसे अजीब मोजज़े दिखाती है जो एक आदमी के तसव्वुर में भी नहीं आ सकते। अतः यह हालत पैदा करने की ज़रूरत है। यह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने वर्णन फ़रमाया है। आम दुनिया में भी मुशाहिदा करके देख लें कि जब तकलीफ़ के वक़्त ख़ालिस हो कर कोई अल्लाह तआला के हुज़ूर झुकता है तो उस वक़्त क्योंकि दुनिया की हर चीज़ से बे र्गुबती होती है, दुनिया की तरफ़ कोई तवज्जा नहीं होती, मुश्किल में फंसा होता है, मुसीबत में गिरफ़्तार होता है, अल्लाह तआला की तरफ़ ही झुक रहा होता है, सिर्फ और सिर्फ अल्लाह की ज़ात सामने होती है, तकलीफों ने इस शख़्स के अंदर एक कैफ़ीयत पैदा की होती है। इस लिए अक्सर लोग जो ऐसी हालत में दुआएं कर रहे होते हैं वे दुआ की स्वीकृति का मुशाहिदा भी हैं।

अतः अगर इन्सान अल्लाह तआला की रहमानियत को हर समय सामने रखते हुए उसके क़रीब-तर होने की कोशिश करता रहे, एक काम होने के बाद, एक तकलीफ़ दूर होने के बाद उसके क़रीब होने की कोशिश को तर्क न कर दे तो फिर मुस्तक़िल अल्लाह तआला इस्तजाबत दुआ के नज़्ज़ारे दिखाता है, दुआ की स्वीकृति के नज़्ज़ारे दिखाता है। अतः अल्लाह तआला की इनायात को हर वक़्त अपने ऊपर बरसता रखने के लिए ज़रूरी है कि अल्लाह तआला के नज़-दीक-तर रहने की कोशिश की जाए। फिर ऐसी सूरत में अल्लाह तआला तमाम-तर दुनियावी अस्बाब को और दुनिया की जो भी चीज़ें हैं उनको इस बंदे की दुआ मांगने की सूरत में इस की ज़रूरियात पूरी करने के काम में लगा देता है। समस्त ज़मीनी और आसमानी ज़राए अपने बंदे की मदद के लिए खड़े कर देता है। कभी अल्लाह तआला बंदे की दुआ क़बूल करते हुए बादलों से बारिश बरसाता है तो कभी दुश्मन के हक़ में अपने बंदे की बददुआ सुनते हुए सूखा और आफ़ात के सामान पैदा कर देता है। अतः ये हालत जो एक मोमिन के दिल में दुआ की स्वीकृति के लिए पैदा होनी चाहिए, यही वह हालत है जो हर अहमदी को अपने दिल में पैदा करनी चाहिए।" (ख़ुतबा जुमा : 22 सितंबर 2006 ई.)

हुज़ूर अनवर फ़रमाते हैं : "आज हमने न सिर्फ अपनी बक़ा के लिए, अपनी ज़ात की बक़ा के लिए, अपने ख़ानदान की बक़ा के लिए, जमात अहमदिया की प्रगति के लिए दुआओं की तरफ़ तवज्जा देनी है बल्कि उम्मत-ए-मुस्लिमा और इस से भी आगे बढ़कर पूरी इन्सानियत की बक़ा के लिए दुआओं की तरफ़ तवज्जा करनी है जिसकी आज बहुत ज़रूरत है। अतः हर अहमदी को इन दिनों में (इन दिनों से मेरी मुराद है) और आजकल खासतौर पर जब हालात बड़े बिगड़ रहे हैं, बहुत ज़्यादा अपने रब के हुज़ूर झुक कर दुआएं करनी चाहिऐं। बेचैन की तरह उसे पुकारें। बेक़रार हो कर उसे पुकारें। आज उम्मत-ए-मुस्लि-मा जिस दौर से गुज़र रही है और मुस्लमान देश जिन परेशानियों में मुबतला हैं इसका हल सिवाए दुआ के और कुछ नहीं और दुआ के इस महफ़ूज़ क़िले में जिसका हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ज़िक्र फ़रमाया आज अहमदी के सिवा और कोई नहीं। अतः उम्मत-ए-मुस्लिमा के लिए दुआ करें कि अल्लाह तआला उन्हें अंदरूनी और बैरूनी फ़ित्नों से निजात दे। उनको इस पैग़ाम को समझने की तौफ़ीक़ दे जो आज से चौदह सौ साल पहले आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुस्लिम उम्मत को दिया था। यह भी दुआ करें कि अल्लाह तआला इस दुनिया से ज़ुलम ख़त्म करे। इन्सान अपने पैदा करने वाले ख़ुदा की तरफ़ रुजू करे। उसे पहचान कर अपनी ज़िदों और अनाओं के जाल से बाहर निकले। ख़ुदा तआला की नाराज़गी और ग़ज़ब को आवाज़ न दे बल्कि उस की तरफ़ झुके। अल्लाह तआला के इस पैग़ाम को समझने वाला हो, इस बात को समझने वाला हो कि मेरी तरफ़ आओ, ख़ालिस हो कर मुझे पुकारो ताकि मैं तुम्हारी दुआओं को सुनकर इस दुनिया को जिसको तुम सब कुछ समझते हो, जो कि हक़ीक़त में आरिज़ी और चंद रोज़ा है, तुम्हारे लिए अमन का गहवारा बना दूं ताकि फिर नेक-आमाल की वजह से तुम लोग मेरी दाइमी जन्नत के वारिस बनू .. फिर जैसा कि मैं ने कहा इस दुनिया के लिए, इन्सानियत के लिए भी दुआ करें। दुनिया बड़ी तेज़ी से अपनी अनाओं और ज़िदों की वजह से तबाही के गढ़े की तरफ़ जा रही है। अपने ख़ुदा को भुला चुकी है और परिणाम अल्लाह तआला के ग़ज़ब को आवाज़ दे रही है। ज़ुलम इतना बढ़ चुका है कि उसे इन्साफ़ का नाम दिया जा रहा है, अल्लाह ही उन लोगों पर रहम करे।

पहले भी मैं ने कहा है अपने लिए भी और जमात के लिए भी बहुत दुआ करें। अल्लाह तआला अहमदियत के मुख़ालेफ़ीन और दुश्मनों को नाकाम--ओ-ना-मुराद कर दे। जैसा कि हमेशा से इलाही जमातों से होता आया है कि मुख़ालफ़तों का सामना करना पड़ता है, यह तो चलता चला जाएगा और यह होता रहा है तभी प्रगति भी होती हैं। यह भी एक सच्चाई की दलील है कि जब दलील दूसरे के पास न हो तो फिर वह सख़्तियां करता है। तो उन मुख़ालफ़तों से न तो अहमदी डरते हैं और न इन शा अल्लाह डरेंगे। यही चीज़ ईमान में तरक़्क़ी और जमात की तरक़्क़ी का बायस बनती है और यह मुख़ालेफ़तें हमेशा खाद का काम देती हैं लेकिन इस मुख़ालिफ़त की वजह से मुख़ालेफ़ीन का जो बद-अंजाम होना है, इन्सानी हमदर्दी के नाते हम ऐसे लोगों के लिए भी दुआ करते हैं कि अल्लाह तआला उनको अक़्ल दे और यह अपने बद-अंजाम से पहले अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल करते हुए इस से बच सकें। और अपने लिए भी यह दुआ करनी चाहिए कि हमारी कोताहियों और ग़लतियों की वजह से हम अल्लाह तआला के इन इनामों से महरूम न रह जाएं जो अल्लाह तआला ने हमारे लिए मुक़द्दर फ़रमाए हुए हैं। दुश्मन का हर शर और हर कोशिश हमारे ईमान में तरक़्क़ी और ख़ैर के सामान लाने वाली हो। हम में से प्रत्येक इस्तक़ामत दिखाने वाला हो। हमारी नेक तमन्नाएं हमेशा अल्लाह तआला से क़बूलियत का दर्जा पाने वाली हों और इस की वजह से हम अल्लाह तआला का प्यार हासिल करने वाले हों। अल्लाह तआला हमें अपनी समस्त उन नेक सिफ़ात की पनाह में ले-ले जिनका हमें इलम है या नहीं और अपनी मख़लूक़ के हर उपद्रव से हमें बचाए। आमीन"

(ख़ुतबा जुमा 11 अगस्त 2006 ई.)

وآخر دعوانا ان الحمد للہ رب العالمین

★ ★ ★

नज़ारत नश्र-व-इशाअत की ओर से प्रकाशित होने वाली पुस्तक का परिचय

ख़िलाफ़त का महत्त्व तथा इसके लाभ

यह पुस्तक 2008 ई. में ख़िलाफ़त के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिखी गई थी, इस पुस्तक की यह विशेषता है कि लेखक ने इस में ख़िलाफ़त से जुड़े हर पहलू को बहुत अच्छी तरह से वर्णन किया है। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद जो ख़िलाफ़त चली (अर्थात ख़िलाफ़त ए राशिदा) के दौर का भी संक्षेप में वर्णन किया है फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और आप के बाद जो ख़िलाफ़त ए अहमदिया का निज़ाम जारी हुआ उसका बहुत विस्तार से और सुंदर शैली में वर्णन किया है। सभी ख़लीफाओं की जीवनी और उनके दौर में होने वाली जमात की उन्नति का वर्णन किया गया है। हर ख़लीफा के दौर में जो जमाती उन्नति हुई, घटनाएं घटीं, मस्जिदें बनीं, जो स्कीम लागू हुईं, कबूलियत ए दुआ के लिए वृतांत इत्यादि का उल्लेख किया गया है। खिलाफत के बारे में इतने विस्तार से लिखी यह पहली पुस्तक है जो पाठकों को बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

तर्बीयत-ए-औलाद और अहमदी माओं की ज़िम्मेदारियाँ, मुहब्बत-ए-इलाही, नमाज़, तिलावत, ख़िलाफ़त से मुहब्बत और उच्च आचार

(श्रीमती डाक्टर मंसूरा अलाहदीन साहिबा, सदर लजना इमाइल्लाह कादियान)

भाषण जलसा सालाना कादियान 2022 ई.महिलाओं के इज्लास से

رَبَّنَا هَبْ لَنَا مِنْ أَزْوَاجِنَا وَذُرِّيَّاتِنَا قُرَّةَ أَعْيُنٍ وَاجْعَلْنَا لِلْمُتَّقِينَ إِمَامًا

(सूरः फ़ुरकान आयत : 75)

निकलें तुम्हारी गोद से पल कर वह हक़ परसत
हाथों से जिनके दीन को नुसरत नसीब हो
ऐसी तुम्हारे घर के चराग़ों की हो ज़या
आलम को जिन से नूर-ए-हिदायत नसीब हो

श्रीमती सदर साहिबा और प्यारी बहनों और बच्चियों!! मेरी तक़रीर का शीर्षक है तर्बीयत औलाद और अहमदी माओं की ज़िम्मेदारियाँ, मुहब्बत-ए-इलाही, नमाज़, तिलावत, ख़िलाफ़त से मुहब्बत और उच्च आचार" है

जो आयत-ए-करीमा आपने सुनी उसका अनुवाद यह है कि हे रब! हमें अपने जीवन साथियों और अपनी औलाद से आँखों की ठंडक अता कर और हमें मुत्तक़ियों का इमाम बना दे

प्यारी बहनों! हम अल्लाह तआला का जिस क़दर भी शुक्र बजा लाएंगे वह कम है कि उस ने हमें इस दौर के इमाम को पहचानने और उस पर ईमान लाने की तौफ़ीक़ बख़शी। आज से एक सदी क़बल जब चारों तरफ़ अंधकार का दौर दौरा था और इस्लाम की कश्ती भंवर में फंसी हुई हचकोले खा रही थी तो उस वक़्त अल्लाह तआला ने सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को दुनिया में अवतरित फ़रमाया। आप अलैहिस्सलाम ने अल्लाह तआला की मदद से मुख़ालफ़तों की तेज़--ओ-तुद आंधियों का मुक़ाबला करते हुए इस्लाम की कश्ती को डूबने से बचाया और ख़ुदा के दीन की ख़ातिर अपने माल, इज़्ज़त और औलाद को क़ुर्बान कर देने वाली एक ऐसी जमात क़ायम कर दी जिसका आज दुश्मन भी मोतरिफ़ है कि हाँ इस्लाम की ख़िदमत पर कमर-बस्ता अगर कोई जमात इस दौर में है तो वह जमात अहम-दिया है।

प्यारी बहनों इस जमात के अफ़राद होने का सौभाग्य हम पर जो ज़िम्मेदारियाँ डालता है उन की तरफ़ में अपनी बहनों को तवज्जा दिलाना चाहती हूँ

यह एक हक़ीक़त है और तारीख़-ए-आलम शाहिद है कि किसी भी क़ौम का बुलंदी पर पहुंच जाने का राज़ औरत की अक़ल-ओ-हिम्मत और बुलंद किरदारी ही में छिपा है और इसी तरह अगर किसी क़ौम के पतन के कारण तलाश किए जाएं तो इस में भी हमें औरत ही का हाथ नज़र आता है। सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो ने ईसी हक़ीक़त के पेश-ए-नज़र जमात की महिलाओं की दीनी और इलमी तरक़्क़ी के लिए लजना इमाइल्लाह का क़ियाम फ़रमाया था। आप रज़ियल्लाहु अन्हो के दिल में महिलाओं की तर्बीयत के लिए बे-इंतेहा तड़प थी। आपकी दूरबीन निगाह ने यह देख लिया था कि जब तक जमात की औरतों की इस्लाह नहीं होगी उस वक़्त तक जमात तरक़्क़ी नहीं कर सकती। आप अलैहिस्स-लाम फ़रमाते हैं :

"असल ज़िम्मेदारी औरतों पर बच्चों की तालीम-ओ-तर्बीयत की है और यह ज़िम्मे-दारी जिहाद की ज़िम्मेदारी से कुछ कम नहीं। अगर बच्चों की तर्बीयत अच्छी हो तो क़ौम की बुनियाद मज़बूत होती है और क़ौम तरक़्क़ी करती है और अगर उन की तर्बीयत अच्छी न हो तो क़ौम ज़रूर एक न एक दिन तबाह हो जाती है। अतः किसी क़ौम की तरक़्क़ी और तबाही की निर्भरता उस क़ौम की औरतों पर ही है। अगर आजकल की माएं अपनी औलाद की तर्बीयत इसी तरह करतीं जिस तरह सहाबि-यात ने की तो क्या यह संभव नहीं था कि उनके बच्चे भी वैसे ही क़ौम के जांनिसार सिपाही होते जैसे कि सहाबियात की औलादें थीं। अगर आज भी ख़ुदा न ख़ास्ता जमात अहमदिया में कोई ख़राबी वाक़्य हुई तो उसकी औरतें ही ज़िम्मेदार होंगी।"

(अल्-अज़हार, पृष्ठ : 327)

तर्बीयत-ए-औलाद में सबसे ज़्यादा एहमीयत जिस चीज़ को हासिल है वह माता पिता की दुआएं हैं । अल्लाह तआला ने जन्म से पहले से ले कर अंतिम समय तक औलाद के लिए दुआएं करने का हुक्म दिया है। जन्म से पूर्व नेक और सालेह औलाद के लिए अल्लाह तआला ने दुआ सिखाई رَبِّ هَبْ لِي مِنْ لَّدُنْكَ ذُرِّيَّةً طَيِّبَةً إِنَّكَ سَمِيعُ الدُّعَاءِ (सूरः आल-ए-इमरान : 39) अर्थात हे मेरे रब अपनी जनाब से मुझे नेक और तय्यब औलाद अता फ़र्मा। निसन्देह तू ही दुआओं को सुनने वाला है।

फिर बाद में औलाद को नेक और आँखों की ठंडक बनाने के लिए भी दुआ सिखाई। رَبَّنَا هَبْ لَنَا مِنْ أَزْوَاجِنَا وَذُرِّيَّاتِنَا قُرَّةَ أَعْيُنٍ وَاجْعَلْنَا لِلْمُتَّقِينَ إِمَامًا۔ (सूरः अल् फ़ुर्कान : 75) हे हमारे रब हम को हमारे अज़्वाज की तरफ़ से और औलाद की तरफ़ से आँखों की ठंडक अता फ़र्मा और हमें मुत्तक़ियों का इमाम बना।

अतः माओं का अव्वलीन फ़र्ज़ है कि वह अपना पूरा ज़ोर दुआ पर लगा दें। जन्म से पहले से दुआ को अपना ओढ़ना बिछौना बना लें कि हे अल्लाह यह औलाद जो तूने अता की है हम ताक़त नहीं रखते कि उनकी सही परवरिश और सही तर्बीयत कर सकें तू हमें तौफ़ीक़ अता फ़र्मा कि हम उनकी उम्दा रंग में तर्बीयत कर सकें और उनको तेरे दीन के फ़िदाई बना सकें और यह औलाद हमारे लिए भी आँखों की ठंडक बने और तेरी रज़ा भी हासिल करें। सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी बच्चों की तर्बीयत के लिए दुआओं पर-ज़ोर देने के लिए तलक़ीन फ़रमाई है। आप अलैहिस्सलाम बच्चों को बदनी सज़ा देने और ज़्यादा डाँट डपट करने को नापसंद फ़रमाते थे और अक्सर यही फ़रमाते थे कि बच्चों के लिए दुआ को अपना मामूल बना लो। आपकी अमली ज़िंदगी का नमूना हमारे सामने है। आप अपनी औलाद के लिए दुआ करते हुए अपने मंजूम कलाम में फ़रमाते हैं।

कर उन को नेक क़िस्मत दे उनको दीन-ओ-दौलत
कर उनकी ख़ुद हिफ़ाज़त हो उन पर तेरी रहमत
दे रुश्द और हिदायत और उम्र और इज़्ज़त
ये रोज़ कर मुबारक सुबहा नमयरानी
शैताँ से दूर रखियो अपने हुज़ूर रखियो
जान पर्ज़-ए-नूर रखियो दिल पर सरूर रखियो
इन पर मैं तेरे क़ुरबाँ रहमत ज़रूर रखियो
ये रोज़ कर मुबारक सुबहा नमयरानी

दुआओं के साथ बच्चों को अच्छी बातों की तलक़ीन और नसीहत और उसके साथ अपना अमली नमूना दिखाना भी निहायत ज़रूरी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया है :

أَكْرِمُوا أَوْلَادَكُمْ

इस में भी वही फ़लसफ़ा वर्णन किया गया है कि अपनी औलाद की इज़्ज़त करो ताकि उनके अंदर इज़्ज़त-ए-नफ़स पैदा हो। जब हम अपने बच्चों की इज़्ज़त करते हुए मुहब्बत से उन को नेक बातों की तरग़ीब दिलाएंगे तो वे भी हमें अपना सच्चा ख़ैर--ख़्वाह समझेंगे और माता पिता की इताअत करेंगे।

हज़रत उम्मुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु अन्हा ने जिस रंग में अपने बच्चों की तर्बीयत की, उसके बारे में हज़रत नवाब मुबारका बेगम साहिबा रज़ियल्लाहु अन्हा फ़रमाती हैं :

"बच्चे पर हमेशा एतबार और पुख़्ता एतबार ज़ाहिर करके उसकी माता पिता के एतबार की शर्म और लाज डाल देना यह आपका बड़ा उसूल तर्बीयत है तो बच्चे पर एतबार करो और उस को शक से न देखा करें। झूठ से नफ़रत, ग़ैरत और सादगी आपका अव्वल सबक़ होता था। हम लोगों से भी आप हमेशा यही फ़रमातीं कि बच्चे में यह आदत डाल लो कि वे कहना मान ले। फिर बे-शक बचपन की शरारत भी आए तो कोई डर नहीं। जिस वक़्त भी रोका जाएगा बाज़ आजाएगा और इस्लाह हो जाएगी। फ़रमातीं कि अगर एक-बार तुमने कहना मानने की आदत डाल दी तो फिर हमेशा इस्लाह की उम्मीद है। यही आपने हम लोगों को सिखा रखा था और कभी हमारे वहम-ओ-गुमान में भी नहीं आ सकता था कि हम माता पिता की अदमे मौजूदगी की हालत में भी उनके मंशा के ख़िलाफ़ कर सकते हैं।"

हज़रत उम्मुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु अन्हा हमेशा फ़रमाती थीं कि मेरे बच्चे झूठ नहीं बोलते और यही एतबार था जो हमको झूठ से बचाता बल्कि ज़्यादा दूर करता था।

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो को जमात की महिलाओं और बच्चियों की तर्बीयत की इस क़दर फ़िक्र थी कि आपने बेशुमार लैक्चर औरतों में इस ताल्लुक़ से दिए जो हमारे लिए मशअले-राह हैं। इन को बार-बार पढ़ना और उन पर

अमल करना हमारा फ़र्ज़ है। आप फ़रमाते हैं :

क़ौम में जन्नत माओं के ज़रीया से ही आती है। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि माँ के क़दमों के नीचे जन्नत है यह कितना लतीफ़ फ़िक़रा है । आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने माँ की किस क़दर एहमियत वर्णन फ़रमाई है। आम तौर पर लोग इसके ये अर्थ करते हैं कि माँ की इताअत और फ़रमांबर्दारी में जन्नत मिलती है। यह भी दरुस्त है लेकिन इसके असल अर्थ ये हैं कि वास्तव में क़ौम में जन्नत तभी आती है जब माएं अच्छी हों और औलाद की सही तर्बीयत करने वाली हों अगर माएं अच्छी न हों तो औलाद भी कभी अच्छी नहीं होगी और जिस क़ौम की औलाद अच्छी नहीं होगी इस क़ौम में जन्नत भी नहीं आएगी।

हुज़ूर अनवर फ़रमाते हैं : "अतः हमेशा औलाद की फ़िक्र के साथ तर्बीयत करनी चाहिए और उनकी राहनुमाई करनी चाहिए। औरतों को अपने घरों में वक़्त गुज़ारना चाहिए। मजबूरी के इलावा जब तक बच्चों की तर्बीयत की उम्र है ज़रूरत नहीं है कि मुलाज़मतें की जाएं। करनी हैं तो बाद में करें। कुछ माएं ऐसी हैं जो बच्चों की ख़ातिर क़ुर्बानियां करती हैं हालाँकि प्रोफ़ैशनल हैं, डाक्टर हैं और अच्छी पढ़ी लिखी हैं लेकिन बच्चों की ख़ातिर घरों में रहती हैं और जब बच्चे उस उम्र को चले जाते हैं जहां उनको माँ की फ़ौरी ज़रूरत नहीं होती, अच्छी तर्बीयत हो चुकी होती है तो फिर वे काम भी कर लेती हैं। तो बहर हाल इस के लिए औरतों को क़ुर्बानी करनी चाहिए। अल्लाह तआला ने औरत को जो सम्मान बख़्शा है कि उसके पांव के नीचे जन्नत है वह इसी लिए है कि वे क़ुर्बानी करती है। औरत में क़ुर्बानी का माद्दा बहुत ज़्यादा होता है। जो औरतें अपनी ख़ाहिशात की क़ुर्बानी करती हैं उनके पांव के नीचे जन्नत है।" (अल्फ़ज़ल इंटरनैशन 15 मई 2015 ई.)

हज़रत अमीरुल मोमनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 2004 ई. में नाईजेरिया में मुनाक़िद होने वाले जलसा सालाना के अवसर पर अपने ख़िताब में अहमदी महिलाओं को संबोधित करते हुए फ़रमाया :

"औरतें याद रखें कि उनका इस्लामी मुआशरे में एक बुलंद मुक़ाम है। अगर उन्होंने अपने इस बुलंद मुक़ाम को न पहचाना तो इस बात की कोई ज़मानत नहीं दी जा सकती कि उनकी आइन्दा नसलें ईमान पर क़ायम रहेंगी। महिलाओं को अपने इस मुक़ाम को पहचाने जो उनका समाज में है। नहीं तो वे अपने खाविंदों और आइन्दा नसलों की नाफ़रमान और उनका हक़ अदा न करने वाली समझी जाएँगी और सबसे बढ़कर वे अपने पैदा करने वाले से बेवफ़ाई कर रही होंगी। अतः यह इंतेहाई अहम है कि हर अहमदी औरत अपनी इस्लाह की तरफ़ तवज्जा देती रहे और हमेशा यह दुआ करती रहे कि अल्लाह तआला उस की राहनुमाई करे और इस को इस काबिल बनाए कि वे अपनी आइन्दा नसलों की इस्लामी तालीमात के मुताबिक़ परवरिश कर सके।"

तर्बीयत-ए-औलाद के हवाले से एक माँ की ज़िम्मेदारियों के जो चंद पहलू मेरी तक़रीर का हिस्सा हैं वह पेश करती हूँ

ख़ुदा तआला से मुहब्बत

तर्बीयत औलाद के लिए सबसे अव्वल ख़ुदा तआला की मुहब्बत और इस से कामिल ताल्लुक़ पैदा करना है। इस लिए एक माँ के लिए ज़रूरी है कि अपने उद्देश्य पैदाइश को समझते हुए ख़ुदा तआला के आगे झुकने वाली और अपनी औलाद की इस तौर पर तर्बीयत करने वाली हो। बच्चे के दिल में शुरू से ही मुहब्बत इलाही पैदा करे।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि बच्चों को पहली बात जो सिखानी है वह لا الہ الا اللہ है सबसे पहला दरस बच्चे के कान में ख़ुदा की बड़ाई और किबरियाई का हो। नौ मौलूद बच्चे की तर्बीयत इस क़दर अहम और ज़रूरी है कि सबसे पहले बच्चे के कान में अज़ान देने का हुक्म आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दिया

जैसे जैसे बच्चे बड़े होते जाएं माओं का फ़र्ज़ है कि वह अवसर की मुनासबत से बच्चों को अल्लाह तआला की नेअमतों और एहसानों के बारे में बता कर उस का शुक्र अदा करने वाले बनाएँ और इस हवाला से अल्लाह तआला की मुहब्बत बच्चों के दिलों में पैदा करें। उदाहरणतः खाने पीने के वक़्त उसे समझाएँ कि यह रिज़्क़ हमें अल्लाह तआला ने दिया है जो किस क़दर मेहनत के बाद हम तक पहुंचा है इस पर हमें अल्लाह तआला का शुक्र अदा करना चाहिए। इसी तरह सोते वक़्त सितारे, चांद और आसमान, दिन के दूसरे नज़ारों की तरफ़ मुतवज्जा करते हुए ख़ुदा तआला की तरफ़ तवज्जा दिला सकती हैं। हमारे प्यारे इमाम हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ फ़रमाते हैं :

"बचपन से अल्लाह तआला की मुहब्बत दिलों में पैदा करें जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि अबदुर रहमान बनाएँ। बचपन से अल्लाह तआला की मुहब्बत दिलों में पैदा करें। जब ज़रा बात समझने लग जाएं तो जब भी कोई चीज़ दें तो यह कह कर दें कि यह तुम्हें अल्लाह मियां ने दी है। शुक्र की आदत डालें फिर आहिस्ता-आहिस्ता समझाएँ कि जो चीज़ मांगनी है अल्लाह मियां से माँगो।" (ख़िताब जलसा सालाना बर्तानिया 2003 ई.)

एक माँ की ज़िम्मेदारियों में दूसरी अहम ज़िम्मेदारी अदायगी नमाज़ की मुहब्बत बच्चों के दिलों में पैदा करना है :

मेरी प्यारी बहनों यह एक हक़ीक़त है कि तर्बीयत अमल से शुरू होती है उदाहरणतः जब हम फ़रायज़ की पाबंदी करेंगी और मुनकिरात से परहेज़ करेंगी तो ला-मुहाला हमारी औलाद भी ऐसा ही करेगी। हम नमाज़ पढ़ने मस्जिद में जाएँगी तो हमारे बच्चे दौड़ कर साथ जाऐंगे। माँ घर में नमाज़ पड़ेगी तो छोटे बच्चे उस की नकल में सज्दे बजा लाएँगे। लेकिन अगर हम ख़ुद नमाज़ की पाबंद न होंगी और बच्चों को नमाज़ की तलक़ीन करेंगी और तवक़्क़ो रखेंगी कि वे नमाज़ी बन जाऐंगे तो यह केवल एक ख़ामख़याली होगी।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहमहुल्लाह ने फ़रमाया : "नमाज़ तो इन्सानी ज़िंदगी की जान है। नमाज़ न हो तो कुछ भी रिश्ता ख़ुदा से बाक़ी नहीं रहता। तो इस की आदत डालने के लिए भी बचपन से तर्बीयत की ज़रूरत पड़ती है। अचानक यह आदत बच्चों में नहीं पड़ा करती। इस का तरीक़ा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह सिखाया है कि सात साल की उम्र से उन को साथ नमाज़ पढ़ाना शुरू करो और प्यार से ऐसा करो। कोई सख़्ती करने की ज़रूरत नहीं। कोई मारने की ज़रूरत नहीं। उस के बाद वे बच्चा अगर दस साल की उम्र तक प्यार और मुहब्बत से सीखता रहे फिर 10 और 12 वर्ष के दरमयान इस पर कुछ सख़्ती करो क्योंकि वह खेलने की उम्र ऐसी है कि इस में कुछ मामूली सज़ा कुछ सख़्त अलफ़ाज़ कहना यह ज़रूरी हुआ करता है बच्चों की तर्बीयत के लिए।" (ख़ुतबा जुमा तिथि 11 फ़रवरी 2000 ई.)

हज़रत उम्मुल मोमिनीन नुसरत जहां बेगम साहिबा नमाज़ों की बड़ी पाबंदी किया करती थीं। रोज़ाना सिर्फ़ नमाज़ों की अदायगी ही नहीं बल्कि वक़्त पर अदायगी की पाबंदी फ़रमाती थीं और दूसरों को भी इस की तलक़ीन करती थीं। आप का यह हाल था कि नमाज़ का वक़्त होने पर वुज़ू करके अज़ान का इंतेज़ार कर रही होती थीं और अज़ान के बाद अपने इर्द-गिर्द के बच्चों को कहतीं कि मैं नमाज़ पढ़ने लगी हूँ लड़कियो तुम भी नमाज़ पढ़ो।

इस तरह अपने अमली नमूना से नसीहत फ़रमाती थीं तो देखें यही नसीहत का सबसे बेहतर ज़रीया है।

माँ बाप का फ़र्ज़ है कि वह अपने बच्चों को नमाज़ का अनुवाद भी बचपन में सिखाएँ। हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहमहुल्ला फ़रमाते हैं।

"इबादत का ताल्लुक़ मुहब्बत से है और केवल रस्मी तौर पर अनुवाद सिखाने के नतीजे में इबादत आएगी किसी को नहीं, वह माँ बाप जिनका दिल इबादत में हो जिनको नमाज़ से प्यार हो जब वह अनुवाद सिखाते हैं बच्चे से ज़ाती ताल्लुक़ रखते हुए। बच्चा अपने माँ बाप की आँखों में आँखें डाल कर देख रहा होता है उनके दिल की गर्मी को महसूस कर रहा होता है उनकी भावनाओं से इस के अंदर भी एक पैदा हो रहा होता है वे अगर नमाज़ सिखाएँ तो उनका नमाज़ सिखाने का अंदाज़ और होगा .. हर अहमदी को नमाज़ के मुआमले में काम करना पड़ेगा। मेहनत करनी पड़ेगी। अपने नफ़्स को शामिल करना पड़ेगा। अपने सारे वजूद को इस में दाख़िल करना पड़ेगा तब वे नसलें पैदा होंगी जो नमाज़ी नसलें होंगी ख़ुदा की नज़र में।" (ख़ुतबा जुमा 8 नवंबर 1985 ई.)

क़ुरआन-ए-करीम

इसी तरह तर्बीयत का एक और पहलू तिलावत क़ुरआन-ए-करीम है इस में भी बा-क़ायदगी होनी चाहिए। प्रतिदिन सुबह के वक़्त हर अहमदी घर से तिलावत की आवाज़ उठनी और सुनाई देनी चाहिए। अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-करीम में न केवल तिलावत करने का हुक्म दिया है बल्कि तिलावत क़ुरआन-ए-करीम के लिए सब से मौज़ूं वक़्त भी बता दिया है इस लिए अल्लाह तआला फ़रमाता है إِنَّ قُرْآنَ الْفَجْرِ كَانَ مَشْهُودًا۔ (सूरः बनीइसराईल आयत : 79)

यक़ीनन फ़ज्र को क़ुरआन पढ़ना ऐसा है कि इस की गवाही दी जाती है।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहमहुल्लाह फ़रमाते हैं हमारी नसलों को अगर सँभालना है तो क़ुरआन-ए-करीम ने सँभालना है। तिलावत क़ुरआन-ए-करीम की आदत डालना और उसके अर्थों पर ग़ौर करना यह हमारी तर्बीयत की बुनियादी ज़रूरत है और तर्बीयत की चाबी है। कोई बच्चा न हो जिसे तिलावत की आदत न हो उस को कहें कि तुम नाशता छोड़ दिया करो मगर स्कूल से पहले तिलावत ज़रूर

करनी है और तिलावत के वक़्त कुछ अनुवाद ज़रूर पढ़ो ख़ाली तिलावत न करो।
(ख़ुत्बा जुमा फ़र्मूदा 7 जुलाई 1997 ई.)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ फ़रमाते हैं :

"इसी तरह अहमदी माओं और बच्चियों को में यह भी कहना चाहूँगा कि जब आप नमाज़ों की तरफ़ तवज्जा करें तो क़ुरआन-ए-करीम के पढ़ने और इस को समझने की तरफ़ भी तवज्जा करें इस से आपको अल्लाह तआला के अहकामात का पता चलेगा और इस से आपको अपनी औलाद की सही तर्बीयत करने के रास्ते मिलेंगे। अतः क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत करना और उसका अनुवाद पढ़ना भी अल्लाह तआला के हुक्मों को समझने के लिए बहुत ज़रूरी है।"
(जलसा सालाना मारीशस 2005 ई., अल् अज़हार हिस्सा अव्वल भाग 3 पृष्ठ 354-355)

अतः हम माओं की अहम ज़िम्मेदारी है कि ख़ुद बाक़ायदगी से तिलावत क़ुरआन-ए--करीम करें। इसके मअनी और मुतालिब को सीखीं, समझें, इस पर अमल करें और अपने बच्चों को भी इस की आदत डालें। अल्लाह जितनी तौफीक दे।

ख़िलाफ़त से मुहब्बत

